रविवार, 8 फरवरी 2026

**मौसम**



तापमान 14 – 26
आर्द्रता 59%
सूर्योदय: 06:13 सूर्यास्त: 17:28

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : अपनों से इतनी दूरी न बढ़ायें कि खुला दरवाजा फिर भी खटखटाना पड़े।



भारत का विजयी आगाज, अमेरिका को 29 रन से हराया पृष्ठ 8




## भारत, अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत

# भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला



### भारतीय उत्पादों पर शुल्क घटकर 18 प्रतिशत

**नयी दिल्ली/वाशिंगटन :** भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा की जिसके तहत दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, ''अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' ट्रंप ने कहा कि भारत ने इस दिशा में कई 'महत्वपूर्ण कदम' उठाए हैं। भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। आदेश में कहा गया है, सात फरवरी, 2026 को स्थानीय समयानुसार रात 12:01 बजे या उसके बाद उपभोग के लिए आयातित या गोदाम से उपभोग के लिए निकाले गए उत्पादों के संबंध में, अमेरिका में आयातित भारतीय उत्पादों पर कार्यकारी आदेश 14329 के तहत लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य-आधारित शुल्क लागू नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा, जिससे भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता और 'मेक इन इंडिया' को और बढ़ावा मिलेगा। भारत को विमान कलपुर्जों पर धारा 232 के तहत छूट, वाहन कलपुर्जों पर शुल्क दर कोटा और जेनेरिक दवाइयों पर बातचीत के माध्यम से प्राप्त लाभ भी मिलेंगे, जिससे इन क्षेत्रों में निर्यात में मजबूत वृद्धि होगी।

#### समझौता 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करता है: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में आगे कहा, 'यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करता है। यह महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज-गार पैदा करेगा। भारत और अमेरिका नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह रूपरेखा हमारे बीच निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को और गहरा करेगा। यह फ्रेमवर्क लचीली और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगा और वैश्विक विकास में योगदान देगा।'


### व्यापार समझौते के तहत अमेरिका को होने वाले 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर लगेगा शून्य शुल्क: गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे।

### किसानों के हितों के साथ भारत ने अमेरिका से नहीं किया कोई समझौता

भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को पूरी तरह से संरक्षित किया गया है।

### अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की ओर से जारी मानचित्र में पीओके और अक्साई चिन को बताया भारत का हिस्सा




**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** भारत और अमेरिका द्वारा व्यापार पर द्विपक्षीय अंतरिम समझौते के ढांचे के विवरण की घोषणा के बाद, शुक्रवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने भारत का एक मानचित्र जारी किया जिसने सबका ध्यान आकर्षित किया। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किये गए मानचित्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) सहित पूरे जम्मू-कश्मीर को भारतीय क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है। इसी प्रकार, चीन के कब्जे वाले अक्साई चिन क्षेत्र को भी भारतीय क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है, जो अमेरिका द्वारा दिया गया एक महत्वपूर्ण संदेश है।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के अहम बिंदु

* निर्यात बढ़ने से लाखों नए रोजगार, खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए पैदा होंगे।
* जेनेरिक दवाएं, हीरे-जवाहरात और विमान के पुर्जों पर टैरिफ 0% होगा।
* टेक्सटाइल, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में अवसर बढ़ेंगे।
* दोनों देश मिलकर सप्लाई चेन मजबूत करेंगे और तीसरे देशों की नीतियों से सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।
* डेटा सेंटर में इस्तेमाल होने वाले जीपीयू, अन्य तकनीकी सामान और डिजिटल व्यापार में सहयोग बढ़ेगा।
* अगले 5 साल में भारत 500 अरब डॉलर का ऊर्जा, विमान, धातु, तकनीक और कोल का सामान अमेरिका से खरीदेगा।

## विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है: प्रधानमंत्री मोदी



भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए

**कुआलालंपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को ''विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार'' के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक जीवंत सेतु का काम करते हैं और उन्होंने द्वीपसमूह राष्ट्र में एक नये वाणिज्य दूतावास और छात्रों को भारत में अध्ययन करने में सक्षम बनाने के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति की घोषणा की। शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुआलालंपुर पहुंचे मोदी ने विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को ''विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार'' के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, ईयू और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है, जिनमें से ज्यादातर लोग तमिल मूल के हैं। भारतीय समुदाय के सदस्यों का विभिन्न भाषाओं में अभिवादन करते हुए, प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की गायन प्रतिभा, विशेष रूप से दिग्गज अभिनेता एम जी रामचंद्रन (एमजीआर) के तमिल गीतों के प्रति उनके प्रेम को उजागर किया। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है।

## बैंक खातों पर असंगत तरीके से रोक लगाना मनमाना: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब खाताधारक न तो आरोपी हो और न ही जांच में संदिग्ध, तो बैंक खातों के लेन-देन पर पूरी तरह से या असंगत रूप से रोक लगाना स्पष्ट रूप से मनमाना कदम है और किसी की आजीविका, व्यवसाय करने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के खिलाफ है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि बिना सोचे-समझे खातों पर रोक की कार्रवाई किसी निर्दोष इकाई के रोज़मर्रा के कारोबार को ठप कर देती है, जिससे उसकी व्यावसायिक साख को नुकसान होता है और आर्थिक दुष्परिणाम झेलने पड़ते हैं। अदालत ने मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में केंद्र और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को उसके बैंक खातों पर रोक लगाने के लिए दिए गए किसी भी आदेश को वापस लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत स्थापित आई4सी साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय स्तर पर नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। एक ग्राहक के खिलाफ धोखाधड़ी की साइबर शिकायत दर्ज होने के बाद याचिकाकर्ता के बैंक खाते पर रोक लगा दी गई थी। पुलिस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मार्च 2025 तक उसके खातों में लगभग 80 लाख रुपये पर रोक की कार्रवाई की गई। अदालत ने 16 जनवरी को पारित फैसले में आई4सी को निर्देश दिया कि वह तुरंत एसबीआई और एचडीएफसी बैंक को याचिकाकर्ता के बैंक खातों पर लगी रोक को हटाने का निर्देश दे। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ न तो कोई शिकायत थी और न ही अधिकारी कोई मिलीभगत प्रदर्शित कर पाए। अदालत ने कहा कि विभिन्न राशियों पर रोक जारी रखने से याचिकाकर्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा क्योंकि इसने उसे कर्मचारियों के अपेक्षित वेतन का भुगतान करने और अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपने अन्य दिन-प्रतिदिन के खर्चों को पूरा करने को लेकर अपने धन का इस्तेमाल करने से रोक दिया।

## एसआईआर : राज्य के सीईओ ने निर्वाचन आयोग से सुनवाई सात दिन बढ़ाने का किया आग्रह

- शनिवार को सुनवाई की तिथि थी अंतिम, सात से आठ जिलों में प्रक्रिया अभी भी लंबित
- अब 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची नहीं होगी प्रकाशित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कई जिला चुनाव अधिकारियों द्वारा सुनवाई पूरी होने, सत्यापन और आंकड़े अपलोड करने में देरी की सूचना के बाद, पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई की अंतिम तारीख सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई की अंतिम तिथि सात फरवरी थी। अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि अपील सात से आठ जिलों से मिली जानकारी के बाद की गई है, जहां प्रक्रिया के विभिन्न चरण अब भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सात से आठ जिला चुनाव अधिकारियों से जानकारी मिलने के बाद सुनवाई की अंतिम तारीख सात दिन बढ़ाने की अपील की है। कुछ स्थानों पर, सुनवाई की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, जबकि अन्य में एईआरओ और ईआरओ द्वारा अपलोडिंग, सत्यापन और अंतिम निर्णय अब भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि अगर अनुमति दी गई, तो सुनवाई अब 14 फरवरी तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची, जो पहले 14 फरवरी को प्रकाशित होने वाली थी, उसमें देरी होने की संभावना है। अग्रवाल के अनुसार, अब तक लगभग 96-97 प्रतिशत सुनवाई पूरी हो चुकी है, कुछ जिलों में केवल तीन प्रतिशत ही लंबित हैं।

### स्थायी निवास प्रमाण पत्र एसआईआर के लिए मान्य है : निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पात्रता निर्धारित करने के लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र स्वीकार्य दस्तावेजों में से एक है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को भेजे गए एक पत्र में, आयोग ने पूर्व के पत्राचार का हवाला दिया और कहा कि 27 अक्टूबर, 2025 को जारी एसआईआर दिशानिर्देशों में स्थायी निवास प्रमाण पत्र को एक वैध दस्तावेज के रूप में स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। आयोग ने कहा कि राज्य में अधिवास या स्थायी निवासी प्रमाण पत्र राज्य सरकार के दो नवंबर, 1999 के पत्र और बाद उसके सिलसिले में जारी किए गए आदेशों के अनुसार जारी किए जाते हैं। उसने स्पष्ट किया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत सक्षम वैधानिक प्राधिकारी होने के नाते, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) केवल उन्हीं स्थायी निवास प्रमाण पत्रों को स्वीकार करेंगे जो अधिकृत प्रशासन द्वारा जारी किए गए हों। इन अधिकारियों में जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, उप-संभागीय अधिकारी और कोलकाता के कलेक्टर शामिल हैं, बशर्ते कि प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित दिशानिर्देशों के अनुरूप ही जारी किए गये हों। आयोग ने निर्देश दिया है कि इन निर्देशों को सभी संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए ताकि इनका कड़ाई से पालन किया जा सके।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 फरवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष सप्तमी, 29:02 तक, नक्षत्र : स्वाति, 28:57 तक, योग : गांदा, 24:06 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 23:25, चन्द्रास्त: 09:56, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 16:01 से 17:25

## साप्ताहिक : राशिफल
## 08-02-26 से 14-02-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ब्लड से संबंधित कोई समस्या हो सकती है। करियर और बिजनेस के लिए समय अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा जातकों के प्रमोशन के चांस हैं। निवेश से लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध बढ़िया रहेंगे। आप अपने प्रेमी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। वैवाहिक संबंधों में जीवनसाथी को कोई गिफ्ट दे सकते हैं। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहेगा। अपनी सेहत को लेकर सावधान रहें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजनेस में यह सप्ताह अच्छे परिणाम देगा। एक से अधिक तरीकों से लाभ प्राप्त होंगे। नौकरी वाले जातकों को मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है। आपकी प्रेमी साथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। गृहस्थ जीवन में खुश रहेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आपकी इनकम तो बढ़ सकती है, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** आने वाला नया सप्ताह मिथुन राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। सेहत भी ठीक रहेगी। सप्ताह के अंत में पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। डॉक्टर के संपर्क में रहें। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, परंतु खर्चे बढ़े रहेंगे। बिजनेस के लिए समय बढ़िया है। नए संपर्क बिजनेस के लिए अच्छे रहेंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। ऑफिस में आरके काम की तारीफ होगी। प्रेम संबंध भी अच्छे बने रहेंगे। अपने साथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। गृहस्थ जीवन भी अच्छा चलता रहेगा। शिक्षा में थोड़ी परेशानी रह सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि वाले जातकों के लिए समय कुछ परेशानी वाला रहेगा। स्वास्थ्य की बात करें तो सावधान रहें। लापरवाही भारी पड़ सकती है। जोड़ों का दर्द परेशान कर सकता है। मॉर्निंग वॉक अवश्य करें। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी हनी रहेगी। धन की कोई कमी नहीं रहेगी। खर्चों में भी लगाम लगेगी। नौकरी पेशा वाले जातकों के लिए समय लाभदायक रहेगा। ऑफिस में आनंद का समय बिताएंगे। व्यापारियों के लिए कुछ उतार-चढ़ाव भरा समय रह सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। घमंड के कारण रिश्तों में टकराव देखने को मिल सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह नया सप्ताह मध्यम रहेगा। आपको ब्लड प्रेशर की समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति कुछ कमजोर रह सकती है, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। व्यापार को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे और उसमे सफल भी होंगे। नौकरी पेशा जातकों को मान-सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रोमांस देखने को मिलेगा। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई लिखाई में कम लगेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहने वाला है। सेहत कुछ नर्म रहेगी। ब्लड प्रेशर या शुगर से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति थोड़ी डांवाडोल रहेगी। धन की कमी रहेगी और खर्चों की बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापार के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने की सोचेंगे। नौकरी वाले जातकों का ट्रांसफर हो सकता है। प्रेम संबंधों की बात करें तो आप अपने प्रेमी संग रिश्ते को पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करेंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। खास तौर से पुरुषों को पेट से संबंधित समस्या हो सकती है। आर्थिक खर्चों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। उम्मीद से ज्यादा धन खर्च करना भारी पड़ सकता है। व्यापारी अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की पूरी कोशिश करेंगे। पार्टनरशिप में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय सामान्य है। जैसे चल रहा है, वैसे ही चलने दें। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आनेवाल सप्ताह अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहेगी। धन संबंधित कोई समस्या नहीं आएगी। व्यापारियों के लिए लाभदायक समय रहेगा। व्यापार से संबंधित कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए समय ठीक रहेगा। ऑफिस में मन लगाकर कार्य करेंगे। प्रेम संबंध में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। आपसी रिश्तों में भी तनाव हो सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। सेहत की बात करें तो सावधान रहने की जरूरत है। पेट से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धन का आवागमन बना रहेगा। व्यापारियों को नए कांटेक्ट मिल सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा साबित होगा। प्रेम संबंध भी अच्छे रहेंगे। प्रिय पात्र के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का प्रयास करेंगे। गृहस्थ जीवन में किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। सेहत के प्रति सावधान रहें। आपको पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। रूपए पैसे की बात कोई करें तो आर्थिक स्थिति को लेकर समय सामान्य रहेगा। आपको कमाई तो होगी, परंतु खर्च भी अधिक लगे रहेंगे, आपके व्यवसाय की बात करें तो व्यवसाय को लेकर समय कुछ कमजोर रहेगा। अधिक साधन आ सकते हैं, परंतु आपको खर्चों के अधिकता के कारण थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। नौकरी को लेकर आपका किसी बात का कोई विवाद हो सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह कुंभ राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा, आपकी सेहत की बात करें तो आपको गले का दर्द या दांत का दर्द परेशान कर सकता है। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा तनाव रहेगा। पुराने निवेश से लाभ प्राप्त हो सकता है। व्यापार को लेकर भी आपके लिए दिन सही रहेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए यह सप्ताह बहुत अधिक शानदार रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपका नाम होगा और आपकी प्रशंसा हो सकती है। प्रेम संबंधों की बात करें तो आप प्रेमी को अपने घर वालों से मिलवा सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह मीन राशि के जातकों के लिए ठीक रहेगा। सेहत की बात करें तो सावधान रहने की आवश्यकता है। ब्लड प्रेशर से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति कुछ कमजोर रहेगी, खर्च अधिक लगे रहेंगे। व्यवसाय और करियर को लेकर समय अच्छा रहेगा। आप पार्टनर संग व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। नौकरी वाले जातकों को अपने सहकर्मियों की मदद लेनी पड़ सकती है। प्रेम और संबंधठीक रहेंगे। रिश्ते में रोमांस रहेगा। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़ा परेशानी का समय रहेगा। आपकी शिक्षा को लेकर बात करें तो पढ़ाई-लिखाई के लिए सबसे अच्छा रहेगा।

# बिहार के हर गांव में बनेगी दुग्ध उत्पादन समिति, पशुपालकों को मिलेगा उचित मूल्य : नीतीश कुमार

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि 'सात निश्चय-3' के तीसरे निश्चय 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि' के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है, ताकि पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 39,073 गांवों में से 25,593 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जा चुका है। शेष सभी गांवों में अगले दो वर्षों के भीतर समितियों का गठन करने का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया गया है। इससे पशुपालकों की आमदनी बढ़ेगी और राज्य में दूध की उपलब्धता में भी वृद्धि होगी। उन्होंने



सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'सात निश्चय-2' के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। अब 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत राज्य की सभी पंचायतों में भी सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है। कुमार ने कहा कि राज्य की कुल 8,053 पंचायतों में से अभी तक 100 पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं। शेष 7,953 पंचायतों में वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में खुलने वाले नए सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित जीविका दीदियों को आवंटित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में डेयरी व्यवसाय के विस्तार से ग्रामीण इलाकों में स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लोगों की आमदनी बढ़ेगी। साथ ही दूध और दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और राज्यवासियों के जीवन में समृद्धि आएगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू 26 फरवरी को जमशेदपुर में श्रीजगन्नाथ मंदिर की आधारशिला रखेंगी

**जमशेदपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को यहां श्रीजगन्नाथ मंदिर और एक आध्यात्मिक केंद्र की आधारशिला रखेंगी। श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र न्यास के प्रबंध न्यासी एस.के. बेहरा ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति 26 फरवरी को 'भूमि पूजन' करेंगी और मंदिर परिसर की आधारशिला रखेंगी। बेहरा ने कहा कि आध्यात्मिक केंद्र न्यास की आगामी महत्वपूर्ण परियोजना का आधारशिला होगा। उन्होंने कहा, हालांकि अंतिम मंदिर संरचना को पूरा होने में लगभग चार साल लगेंगे, न्यास ने आध्यात्मिक केंद्र को प्राथमिकता दी है ताकि यह पहले काम करना शुरू कर सके। बेहरा ने कहा, यह शोध विद्वानों और छात्रों के लिए आध्यात्मिक विज्ञान और सांस्कृतिक विरासत का पता लगाने के मकसद से एक केंद्र के रूप में काम करेगा, जो उनके भविष्य हेतु एक नैतिक और बौद्धिक आधार प्रदान करेगा।

## भाजपा एमएलसी शैलेंद्र सिंह साक्ष्य के अभाव में बरी

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश में सांसद-विधायक अदालत ने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित तीन आरोपियों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह फैसला शनिवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सुनाया। यह मामला पिछले नौ साल से न्यायालय में विचाराधीन था। आरोपियों पर लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 11 मई 2019 को कोतवाली देहात के उतुरी गांव स्थित राजर्षि टंडन शिक्षण संस्थान में एमएलसी शैलेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह और जय प्रकाश सिंह के साथ मिलकर 50 से अधिक लोगों को भोजन करा रहे थे। आरोप था कि यह कृत्य लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से किया गया था और इसके लिए किसी सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द ही उपलब्ध होगी ज्योतिष सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला

**लखनऊ :** करियर योजना और स्वास्थ्य मार्गदर्शन से लेकर शादी, आर्थिक, राजनीतिक भविष्य और यहां तक कि सपनों और शकुन की व्याख्या तक, लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में ज्योतिष परामर्श केंद्र में जल्द ही ज्योतिष सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि इस पहल का मकसद ज्योतिषीय सलाह के लिए एक व्यवस्थित और विनियमित मंच प्रदान करना है, जिसमें तय प्रक्रियाएं, निश्चित परामर्श की अवधि और उचित दस्तावेजीकरण होगा - जो शैक्षणिक संस्थानों के बाहर प्रचलित अनौपचारिक तरीकों से अलग होगा।

## राजस्थान में जनगणना का पहला चरण मई माह में

**जयपुर :** राजस्थान में जनगणना का पहला चरण 16 मई से होगा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कर्मचारियों से जनगणना के काम को राष्ट्रीय कर्तव्य मानकर पूरी निष्ठा से करने का आह्वान किया है। शर्मा ने शनिवार को 'जनगणना-2027' नामक विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सटीक जनगणना विकास योजनाओं का एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के समय संकलित आंकड़ों से ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारण एवं क्रियान्वयन प्रभावशीलता के साथ संभव हो पाता है इसलिए सभी कर्मचारी जनगणना कार्य को राष्ट्रीय कर्तव्य मानकर पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने कहा कि जनगणना सरकार का संवैधानिक दायित्व है। इससे प्राप्त आंकड़े सरकार को विकास के स्तर और अपने लक्ष्यों तक पहुंचने की जरुरतों के बारे में बताते हैं। आंकड़े सही नहीं होंगे तो ना तो योजनाएं अच्छे से बन पाएंगी और ना ही इनका क्रियान्वयन लक्ष्यों के अनुरूप हो पाएगा। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस राष्ट्रीय महत्व के काम में अच्छी तरह से निगरानी करें, नियमित समीक्षा बैठक करें और अपनी टीमों को प्रेरित करें।

## नीतीश कुमार जनता के नहीं केवल अधिकारियों के मुख्यमंत्री: तेजस्वी यादव

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि नीतीश कुमार जनता के नहीं, बल्कि अधिकारियों के मुख्यमंत्री हैं। तेजस्वी राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''बिहार विधानसभा चुनाव में लोक हारा, तंत्र जीता। मुझे कहना पड़ेगा कि नीतीश कुमार जनता के नहीं, अधिकारियों के मुख्यमंत्री हैं।'' राजद प्रमुख लालू प्रसाद के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव को 25 जनवरी को यहां पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कहा, ''लालू जी का आशीर्वाद लेकर मैंने संकल्प लिया है कि सबके सहयोग से पार्टी को मजबूत करूंगा और उसे न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाऊंगा।'' तेजस्वी ने कहा, ''यह पहली बार है जब मुझे संगठनात्मक जिम्मेदारी मिली है और लालू जी की तरह मैं सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ूंगा और आंदोलनों का नेतृत्व करूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजग नेताओं ने 'लोकतंत्र' को 'डर तंत्र' में बदल दिया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि चुनाव फर्जी मामलों, मनगढ़ंत मुकदमों और प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद राजद कार्यकर्ताओं का मनोबल बहुत ऊंचा है और पार्टी पूरी ताकत से वापसी करेगी।

## झारखंड के कोडरमा में लापता 10 आदिवासी बच्चों की खोज के लिए एसआईटी का गठन

**रांची :** झारखंड के कोडरमा जिले के एक छोटे से गांव से लापता हुए 10 आदिवासी बच्चों का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुदीप सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कोडरमा पुलिस ने बच्चों के बारे में जानकारी देने वाले किसी भी व्यक्ति को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने बताया कि खारियोडीह पंचायत के गड़ियाई बिरहोर टोला (बस्ती) के निवासी और विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह (पीवीटीजी) से संबंधित ये बच्चे एक फरवरी से लापता हैं, जब वे पारसाबाद से घर नहीं लौटे।

## राजस्थान के कोटा में तीन मंजिला इमारत ढही, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**जयपुर :** राजस्थान के कोटा शहर में शनिवार रात तीन मंजिला इमारत ढह गई और इसके मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तलवंडी इलाके में



हुई। इमारत में एक रेस्तरां चल रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अब तक पांच लोगों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक इमारत ढहने के समय रेस्तरां में कुछ ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक संदीप शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि इमारत अचानक गिर गई। उन्होंने कहा, ''इस बात की आशंका है कि कई लोग फंसे हों। पुलिस और प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंच गए और बचाव अभियान जारी है। कुछ लोगों को बाहर निकाल लिया गया है, जबकि कुछ अन्य के अब भी फंसे होने की आशंका है।'' जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने संवाददाताओं को बताया कि इमारत गिरने के तुरंत बाद बचाव टीमें भेजी गई हैं। उन्होंने कहा, ''हमें इमारत गिरने की सूचना मिली और बिना किसी देरी के बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अब तक पांच लोगों को बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है। इस समय यह पुष्टि करना संभव नहीं है कि कितने लोग अब भी फंसे हैं।''

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक की चपेट में आने से छह लोगों की मौत



**मथुरा (उप्र) :** यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। सुरीर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। उन्होंने बताया कि एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हालांकि, बस और कंटेनर चालक भाग गए। मामले की जांच जारी है।

## झारखंड के गिरिडीह में नक्सल-रोधी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद

**रांची :** झारखंड के गिरिडीह जिले में शनिवार को नक्सल-रोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस और सीआरपीएफ ने खुखरा पुलिस थानाक्षेत्र के भालकी हिल इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक बिमल कुमार ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं में 20 राइफलें, छह ग्रेनेड और गोला-बारूद का एक डिब्बा शामिल है।

## एटा में कार पलटने से तीन युवकों की मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल

**एटा (उप्र) :** एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पांच लोग एक प्राइवेट कैब (ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी) से गुरुग्राम (हरियाणा) से मैनपुरी के कुरावली क्षेत्र के गांव गनेसपुर में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी अचानक सकीट रोड स्थित गांव बावली नहर के पास घुमावदार मोड़ पर कार चालक नियंत्रण खो बैठा। कार की गति तेज होने के कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए पहले पेड़ से टकराई और फिर तीन बार पलटती हुई करीब 15 फुट नीचे गड्ढे में जा गिरी। पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद कार में सवार लोग करीब 15 मिनट तक अंदर फंसे रहे। चीख-पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद कार का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। मलावन के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आरके सिंह ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मैनपुरी निवासी शिवम यादव (21), सुनील यादव (23) और मनकी (19) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में राहुल (28) और खुशबू (22) शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज, एटा में भर्ती कराया गया है।

## बिहार : पप्पू यादव को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**पटना :** बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को वर्ष 1995 के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद शनिवार को पटना की एक अदालत ने दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने कहा कि उनकी जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी और तब तक उन्हें इलाज के लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में रखा जाएगा। पप्पू यादव को शुक्रवार देर रात पटना के मंदिरी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ सांसद/विधायक अदालत द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 467 (दस्तावेजों की जालसाजी) के तहत दर्ज मामले में वारंट जारी किया गया था। पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले यादव ने शुरू में पुलिस की टीम के साथ जाने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि पुलिस के पास संपत्ति कुर्की का वारंट है, गिरफ्तारी का नहीं। हालांकि बाद में उन्हें



हिरासत में ले लिया गया। अदालत में यादव की ओर से पेश हुए अधिवक्ता शिवनंदन भारती ने कहा, उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। हालांकि जेल भेजने के बजाय अदालत ने आदेश दिया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं होने के कारण उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच में रखा जाए। अधिवक्ता ने दावा किया कि यादव ने स्वेच्छा से गिरफ्तारी दी थी, लेकिन पुलिस के काम में बाधा डालने का एक झूठा मामला उनके खिलाफ दर्ज किया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3345

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | | | ■ |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 23 |
| | ■ | 24 | | | | ■ | 25 | | |

*बायें से दायें:-* 1) अधिकतर, 4) बस इतना, 7) बेबस, 9) सांत्वना; समाधान, 11) अँधेरा, 12) नमूना; आकृति का आभास, 14) याद न रखना, 15) निपुणता, 16) ज़मीन, 17) क्षण, 18) सचेत, 19) अवरुद्ध; विलंबित, 20) कुचली हुई वस्तु, 21) चौबीसों घंटे ; निरंतर, 22) चौराहा, 24) पीठ की ओर वाला भाग, 25) संख्या.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अपमान, 2) हरियाणा का कुरुक्षेत्र (*महाभारत*), 3) धूल, 4) भारत का एक घटक राज्य, 5) बुरी आदत, 6) शेर की मौसी, 8) समझना, 10) बहुत मामूली; तुच्छ, 13) अरविंद, 16) गलती, 17) मल्ल, 18) इधर से उधर तक, 19) स्थानचिन्ह, 20) भरवाँ पूरी, 23) कई; कुछ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ■ | प्र | थ | म | ■ | ब | ढ़ | क | र |
| वा | ■ | हा | ■ | ना | खू | न | ■ | पू | स |
| ब | टो | र | ना | ■ | न | वा | ग | त | ■ |
| ब | ■ | ■ | दा | म | ■ | री | ति | ■ | प्र |
| र | स | भ | री | ■ | व्या | ■ | शी | घ्र | ता |
| ■ | ध | ■ | ■ | आ | ज | क | ल | ■ | रि |
| ह | वा | ल | दा | र | ■ | सू | ■ | ग | त |
| या | ■ | गा | ■ | ती | मा | र | दा | री | ■ |
| त | ह | म | द | ■ | फ़ी | ■ | ब | ब | र |

## सुडोकू-पहेली-3303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | 8 | | | | 9 |
| 1 | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | | | 1 | 8 | 4 | |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | | | 7 |
| | 5 | | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 9 | 6 | | | |
| | | | 7 | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 5 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3302 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 9 |




# विधानसभा में अग्निमित्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव, भाजपा ने किया वाकआउट

## विधानसभा स्पीकर ने मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा का बजट सत्र शनिवार को अंतिम दिन उस समय फिर से गरमा गया, जब भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल की मुस्लिमों से जुड़ी टिप्पणी को लेकर सत्ता पक्ष ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव आते ही भाजपा विधायकों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया, सदन में नारेबाजी की और बाद में वाकआउट कर गए। इसके बाद विधानसभा के परिसर में भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इस मुद्दे को लेकर लगातार दूसरे दिन विधानसभा का माहौल तनावपूर्ण रहा। दरअसल, शुक्रवार को बजट पर चर्चा के दौरान



आसनसोल दक्षिण की भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने कहा कि सरकार ने मदरसा शिक्षा के बजट में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है, लेकिन वहां से डाक्टर या इंजीनियर क्यों नहीं निकल रहे? क्या यह पैसा घुसपैठियों को बचाने के लिए दिया जा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया था कि सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। राज्य सरकार मुस्लिम युवाओं के हाथों में 'बंदूक' थमाकर उन्हें अपराधी बना रही है। हालांकि, कल ही स्पीकर ने उनके इस बयान को विधानसभा के रिकार्ड से हटाने का आदेश दे दिया था।

**➨ बजट सत्र के आखिरी दिन भी जारी रहा टकराव**

इस बयान पर सत्ता पक्ष ने तीखी आपत्ति जताई थी और इसे अल्पसंख्यक समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाला बताया। इसके बाद शुक्रवार को ही सत्तापक्ष ने अग्निमित्रा पाल के खिलाफ स्पीकर बिमान बनर्जी को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। परंतु, स्पीकर उनके बयान की कड़ी निंदा की थी और सही तरीके से आवेदन करने को कहा था।

इसके बाद, शनिवार को कृषि एवं संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने अग्निमित्रा पाल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद भाजपा विधायक मिहिर गोस्वामी ने कहा कि उनकी विधायक अपने बयान पर स्पष्टीकरण देना चाहती थीं और उन्होंने अध्यक्ष की अनुमति से स्पष्टीकरण भी दिया, फिर भी उनके खिलाफ प्रस्ताव लाया गया, जो केवल अल्पसंख्यक मंत्रियों को खुश करने के लिए किया गया कदम है। भाजपा ने इसे संख्या बल के आधार पर विपक्ष को दबाने की कोशिश बताया। सदन में हंगामे के बाद भाजपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर निकल गए। वहीं, स्पीकर ने प्रस्ताव को आगे की जांच और कार्रवाई के लिए विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बजट सत्र के आखिरी दिनों में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखा गया।

# मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय का नाम अब राजा कृष्णनाथ के नाम पर होगा

## विधानसभा में विधेयक पारित, जिले के लोगों की लंबे समय से थी मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद की जनता की मांगों और भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय का नाम मुर्शिदाबाद राजा कृष्णनाथ विश्वविद्यालय करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विधेयक शनिवार को विधानसभा में पारित हो गया। राज्यपाल की सहमति मिलने पर मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय का नाम आधिकारिक तौर पर बदल दिया जाएगा। शहर के वरिष्ठ नागरिकों से लेकर छात्र समुदाय तक, सभी ने इस निर्णय का स्वागत किया है। दरअसल, मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय का नाम राजा कृष्णनाथ से जुड़ा हुआ है। जिस भूमि पर यह संस्थान बना है वह राजा कृष्णनाथ की है। 1853 में मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से ही राजा कृष्णनाथ का नाम का उल्लेख न किए जाने पर जनता में आक्रोश था। जिले के विभिन्न हिस्सों में यह आंदोलन जोर पकड़ने लगा, जिसमें आरोप लगाया गया कि यह जिले के इतिहास और विरासत का अपमान है। पूर्व छात्रों से लेकर प्रमुख हस्तियों तक, सभी ने नाम बदलने की मांग उठाई थी। जिले के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सहमति से संस्थान का नाम बदलने का निर्णय अंतिम रूप दे दिया गया है। इस घोषणा के होते ही बहरमपुर समेत पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई।

### हावड़ा नगर निगम में वार्ड बढ़े, विधानसभा से बिल पारित

विधानसभा ने शनिवार को हावड़ा नगर निगम के पुनर्गठन से जुड़े अहम बिल को मंजूरी दे दी है। इसके तहत नगर निगम में वार्डों की संख्या 50 से बढ़ाकर 66 कर दी गई है। इस फैसले को हावड़ा की शहरी प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस दिन, नगर विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने सदन में बताया कि यह बिल काफी समय से राजभवन में लंबित था, जिसके चलते हावड़ा में नगर निगम चुनाव लगभग पांच वर्षों से रुके हुए थे। विधानसभा की मंजूरी के बाद अब चुनावी प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जगी है। सरकार का कहना है कि बढ़ी हुई वार्ड संख्या से जनसंख्या के बेहतर प्रतिनिधित्व के साथ-साथ विकास योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस निर्णय से हावड़ा की स्थानीय राजनीति और शहरी विकास को नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन साल से पहले नहीं लाया जा सकेगा अविश्वास प्रस्ताव

**➨ पंचायत कानून संशोधन विधेयक पारित, भाजपा ने जताई आपत्ति**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रदीप मजूमदार ने शनिवार को राज्य विधानसभा में पंचायत संशोधन विधेयक पेश किया, जिसे लेकर सदन में तीखी बहस हुई। भाजपा के विधायक विश्वनाथ करक ने विधेयक की कड़ी आलोचना की, जबकि एक अन्य भाजपा विधायक अरूप कुमार दास ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद राज्य सरकार ने 'ग्राम सभाओं' को समाप्त कर दिया और शहरी क्षेत्रों में वार्ड समितियों को भंग कर दिया, जिससे विकेंद्रीकरण का कोई भी प्रयास विफल हो गया। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक अपूर्व सरकार और समीर कुमार जाना ने विधेयक का समर्थन किया। संशोधन विधेयक का एक प्रमुख प्रावधान यह है कि पंचायत पदाधिकारियों को तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले पद से नहीं हटाया जा सकता। अभी तक न्यूनतम कार्यकाल ढाई वर्ष है। कार्यकाल को बढ़ाकर तीन साल किए जाने के पीछे के तर्क को समझाते हुए मजूमदार ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्थिरता और बेहतर शासन सुनिश्चित करना है।

मजूमदार ने सदन को बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर एक व्यापक क्षमता निर्माण पहल शुरू की गई है, जिसमें 3,339 ग्राम पंचायतों, 345 पंचायत समितियों, 21 जिला परिषदों और एक महकमा परिषद के 74,498 निर्वाचित प्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एक प्रमुख संस्थान द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विपक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए मजूमदार ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार जमीनी स्तर पर वास्तविक सशक्तीकरण में विश्वास करती है। हालांकि, भाजपा सदस्यों ने कहा कि यह संशोधन सत्ताधारी पार्टी की अपने ही खेमे में आंतरिक गुटबाजी रोकने की एक रणनीति है।

# आरजी कर भ्रष्टाचार मामला : नहीं हुई प्रक्रिया, अख्तर अली सोमवार को करेंगे आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामले में पूर्व डिप्टी सुपरिंटेंडेंट अख्तर अली सोमवार को विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे। बता दें कि उनके खिलाफ एक दिन पहले ही विशेष अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। अख्तर अली शनिवार को हावड़ा के एक अस्पताल से कोलकाता की अदालत पहुंचे, जहां उन्होंने दावा किया कि वे उपचाराधीन थे। हालांकि, दोपहर 12.30 बजे तक अदालती कार्यवाही समाप्त होने के



कारण वे औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण नहीं कर सके। अदालत ने उन्हें सोमवार को दोबारा पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत परिसर में प्रवेश करते समय अख्तर अली ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि जिस धनराशि को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, वह उन्होंने अपने दादा के इलाज के लिए उधार ली थी। उन्होंने कहा कि मुझे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। बाद में, अख्तर अली ने बताया कि वे बिना वकील के अदालत पहुंचे थे और बीमारी के कारण पूर्व सूचना भी नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन उपलब्ध न होने के कारण उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि अदालत की कार्यवाही जल्दी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं अदालत आया था, लेकिन दुर्भाग्यवश समय पर आत्मसमर्पण नहीं हो सका। अदालत ने मुझे सोमवार को आत्मसमर्पण करने को कहा है और मैं उसका पालन करूंगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर वे गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं।

# भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' तैयार करने को जनता से मांगा सुझाव




**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने शनिवार को 'विकसित बंगाल संकल्प पत्र' अभियान शुरू किया, जिसके तहत राज्य में इस साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का 'संकल्प पत्र' (घोषणापत्र) तैयार करने के वास्ते जनता से सुझाव मांगे गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी बंद दरवाजों के पीछे चुनाव घोषणापत्र तैयार करने की पारंपरिक प्रथा खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य की राजनीति में अक्सर पार्टी के चुनिंदा लोग अंतिम पलों में बंद दरवाजों के पीछे घोषणापत्र तैयार करते थे। भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा का मकसद राज्य में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो वास्तव में राज्य का प्रतिनिधित्व करे। 'विकसित बंगाल संकल्प पत्र' अभियान 18 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत, भाजपा लोगों के सुझाव हासिल करने के लिए 43 संगठनात्मक जिलों में लगभग 1,000 'ड्रॉप बॉक्स' लगाएगी। पार्टी की ओर से मोबाइल वैन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। सुझाव साझा करने में लोगों की मदद के लिए भाजपा ने एक टोल-फ्री नंबर भी शुरू किया है। इसके अलावा, पार्टी को ईमेल, व्हाट्सऐप और क्यूआर कोड के माध्यम से भी सुझाव भेजे जा सकेंगे। भाजपा अपने 'संकल्प पत्र' के लिए विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 10,000 प्रतिष्ठित हस्तियों के सुझाव हासिल करने के वास्ते उन्हें पत्र भी भेज रही है। भट्टाचार्य ने बताया कि राज्य को निवेश के अनुकूल राज्य बनाने के वास्ते असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, किसानों, पेशेवरों, बेरोजगार युवाओं, उद्योगपतियों और स्टार्टअप से भी सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने पिछले 15 वर्षों से केंद्र के साथ 'समन्वय के बजाय संघर्ष' का रास्ता चुना है, जिससे लोग कई केंद्रीय योजनाओं के लाभ से वंचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस टकराव-पूर्ण रुख के कारण गरीब आयुष्मान भारत, विश्वकर्मा योजना और ई-श्रम जैसी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाए हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि अंतिम 'संकल्प पत्र' फरवरी के अंत तक तैयार होने की उम्मीद है।

### ममता 'न्यायपालिका पर राजनीतिक दबाव' डालने की कोशिश कर रही हैं : समिक भट्टाचार्य

इस दौरान, प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर न्यायपालिका पर 'राजनीतिक दबाव' डालने का प्रयास करने और सिंगूर में 'औद्योगिक गतिरोध' के लिए राज्य की भूमि नीति को जिम्मेदार ठहराने का आरोप लगाया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव जीतने के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्याओं और मृत लोगों के नाम को मतदाता सूची में बनाए रखने के लिए वह काला कोट पहनकर (अदालत में) गई हैं। यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। भाजपा नेता ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाइयां कानूनी व्यवस्था में विश्वास की कमी का संकेत देती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर किसी राज्य का मुख्यमंत्री सीधे अदालत पहुंचता है और न्यायपालिका में विश्वास किए बिना वहां बैठता है, तो इसका मतलब है कि आप राजनीतिक दबाव बनाना चाहते हैं। शेष भारत स्तब्ध है, पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र मौजूद नहीं है।

## विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग सख्त

# इस बार मतदाताओं के घर-घर पहुंचेंगी वोटर स्लिप, बीएलओ करेंगे वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही निर्वाचन आयोग ने राज्य के बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को घर-घर जाकर मतदाता पर्चियां वितरित करने का निर्देश दिया है जिसमें मतदाताओं की सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल होनी चाहिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि मतदाता पर्चियां निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार ही वितरित की जाएं। बीएलओ को आयोग के आधिकारिक 'निशान' वाली मतदाता पर्चियां वितरित करने का निर्देश दिया गया है। निर्वाचन आयोग के एक सूत्र ने बताया कि मतदाता पर्ची में मतदाता का नाम, उम्र, पता, ईपीआईसी नंबर, पार्ट नंबर, बूथ नंबर और मतदान केंद्र का नाम समेत सभी प्रासंगिक विवरण होने चाहिए। सूत्र ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 2018 में जारी दिशानिर्देशों में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरित करने की जिम्मेदारी बीएलओ (बहुमत अधिकारी) को सौंपी गई थी, लेकिन पिछले चुनावों में इन निर्देशों का सख्ती से पालन नहीं किया गया। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि ज्यादातर मामलों में पहले यह देखा जाता था कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि चुनाव के दौरान मतदाता पर्ची वितरित करते थे। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता को संबंधित बूथ के नामित बीएलओ से घर पर पर्ची नहीं मिलती है, तो वह निर्वाचन आयोग की हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकता है। अधिकारी ने कहा कि आयोग शिकायत मिलने के 24 घंटे के अंदर संबंधी बीएलओ के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करेगा।

### एसआईआर कार्य में लगे अधिकारियों को लंबित मानदेय तुरंत जारी करने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को एक बार फिर पत्र भेजकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) का लंबित मानदेय तुरंत जारी करने को कहा है। यह इस मामले में आयोग की तीसरी चिट्ठी है। इससे पहले अगस्त और फिर दिसंबर में भी राज्य सरकार को इस संबंध में स्मरण पत्र भेजे जा चुके हैं।

# 'संदिग्ध' मतदाताओं को वैध ठहराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों के हस्ताक्षर जाली किये गये : शुभेंदु अधिकारी

**➨ विपक्ष के नेता ने चुनाव आयोग से की शिकायत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वरों के हस्ताक्षर फर्जी किए जाने के कथित मामलों की जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह गड़बड़ी उनके जिले पूर्व मेदिनीपुर में सामने आई है। शनिवार की दोपहर हवाई अड्डे पर मीडिया कर्मियों से शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के उत्तर कांथी विधानसभा क्षेत्र के देशप्राण प्रखंड में एसआईआर के तहत दावों और आपत्तियों की सुनवाई प्रक्रिया के दौरान कई मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वरों के




हस्ताक्षर जाली बनाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की पवित्रता को कमजोर करने के इन खुले प्रयासों से बेहद आहत और आक्रोशित हूं, खासकर तब जब एसआईआर की सुनवाई चल रही है। उन्होंने ऐसे सात मतदान केंद्रों का विवरण भी दिया, जहां कथित तौर पर यह फर्जीवाड़ा हो रहा है। अधिकारी के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सीधा आपराधिक हमला हैं। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर की जालसाजी न केवल जनता के विश्वास को तोड़ती है, बल्कि यह निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने की साजिश को भी दर्शाती है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से अपील की कि इन आरोपों पर तत्काल संज्ञान लिया जाए और निष्पक्ष व गहन जांच शुरू की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।


### ममता 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' को संरक्षण दे रहीं : शुभेंदु अधिकारी

**पटना/कोलकाता :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' को संरक्षण दे रही हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता ने आगामी विधानसभा चुनावों में 'कट्टरपंथियों की सरकार' को सत्ता से हटाने का मन बना लिया है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी बिहार में मंत्री और भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारी मंगल पांडे से मिलने आए थे। शुभेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी पूरी तरह बेनकाब हो चुकी हैं। वह बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही हैं और यही वजह है कि वह मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों ने आगामी विधानसभा चुनावों में कट्टरपंथियों की इस सरकार को सत्ता से हटाने का मन बना लिया है। चुनाव के बाद राज्य में 'सनातनी सरकार' बनेगी। शुभेंदु ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली भारी जीत के बाद अब लक्ष्य पश्चिम बंगाल है। उन्होंने कहा कि 'अंग' (बिहार) और 'कलिंग' (ओडिशा) के बाद अब बंगाल की बारी है। इस बार बंगाल में केवल 'राष्ट्रवादियों' की सरकार बनेगी।


**Name Change**

I, RATAN AGARWAL(OLD NAME), SON OF KEDAR NATH AGARWAL, RESIDING AT SENJUTI APARTMENT 181/61, A B C CHATTERJEE STREET, LOKENATH PARK BELGHARIA,NORTH 24 PARGANAS-700056, WEST BENGAL, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS RATAN KUMAR AGARWAL (NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT NO 46 SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 06/02/2026. RATAN AGARWAL AND RATAN KUMAR AGARWAL BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

सामाजिक कार्यकर्ता और हमारे मार्गदर्शक
स्व. राजकुमार बोथरा
की पावन स्मृति में



नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच एवं नेत्र परीक्षण शिविर
दिनांक-समय: रविवार, 8 फरवरी 2026, प्रात: 10 बजे से
स्थान: श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति प्रांगण, हामीरागाछी, मालिया, हुगली
आयोजक
श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति
सोसायटी बेनिफिट सर्किल
SOCIETY BENEFIT CIRCLE

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201
**Notice Inviting e-Tender**
e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.-WBMAD/ULB/SRMP/NIT-57/2025-26 (2nd call), Date- 06/02/2026.** Name of work- arrangement of light, sound system for heritage festival 2025. Bid Submission Start Date (online) : **06/02/2026 at 04.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **17/02/2026 at 04.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online): **19/02/2026 at 04.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.com**
Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**पूर्व मध्य रेलवे के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के तहत पहाड़पुर स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज गर्डरों की स्थापना के लिए अप लूप लाइन, इंजीनियरिंग साइडिंग लाइन 1 एवं 2, अप मेन लाइन तथा डाउन मेन लाइन, गुड्स शेड लाइन, प्रथम एवं द्वितीय डीएफएफसीआईएल लाइन तथा डाउन लूप लाइन पर **15 दिनों का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: • **नियंत्रण: 13354 वाराणसी-आसनसोल एमईएमयू एक्सप्रेस** दिनांक 13.02.2026, 17.02.2026 एवं 18.02.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) को **30 मिनटों** के लिए तथा दिनांक 19.02.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) को **40 मिनटों** के लिए नियंत्रित की जाएगी। • **गया स्टेशन से पुनर्निर्धारण: 22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** दिनांक 21.02.2026 एवं 23.02.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) को **90 मिनटों** के लिए तथा दिनांक 22.02.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) को **70 मिनटों** के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल की विभिन्न शाखाओं में, अभियांत्रिकी, ऊपरी उपस्कर और संकेत एवं दूरसंचार रखरखाव कार्य के लिए, दिनांक **08.02.2026 (रविवार) को दिन के समय ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:
● **निरस्तीकरण [दिनांक 08.02.2026 (रविवार)]: (1) हावड़ा से** - 37249, 37331, 36823 **(2) बैण्डेल से** - 37246, 37749 **(3) बर्द्धमान से** - 36834 **(4) तारकेश्वर से** - 37332 **(5) कटवा से** - 37748 ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 08.02.2026 (रविवार)]: 53009 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** ट्रेन मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।
**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेनें/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**
**नीलामी आमंत्रण सूचना**
**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/सीएटीजी/ डब्ल्यूवीएम/23,** **दिनांक :05.02.2026**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 05 वर्ष की अवधि के लिए 15 स्टेशनों पर (4 क्लस्टर में) 15 वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के आवंटन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए **ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: डब्ल्यूवीएम-एचडब्ल्यूएच-2026-1, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण, अंतिम तिथि/ समय** निम्नानुसार है: **एए/1,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-डब्ल्यूवीएम-63-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-वाटर वेंडिंग मशीन), प्रत्येक स्टेशन अर्थात बाली, डानकुनी और बर्द्धमान में 01 वाटर वेंडिंग मशीन (संलग्न स्केच प्लान के अनुसार) (क्षेत्रफल- 30 वर्ग फुट प्रत्येक), 16.02.2026 को 13.30 बजे, **एए/2,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-डब्ल्यूवीएम-64-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-वाटर वेंडिंग मशीन), प्रत्येक स्टेशन अर्थात चंदननगर, सेवड़ाफुली और तारकेश्वर में 01 वाटर वेंडिंग मशीन (संलग्न स्केच प्लान के अनुसार) (क्षेत्रफल 30 वर्ग फुट प्रत्येक), 16.02.2026 को 13.40 बजे , **एए/3,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-डब्ल्यूवीएम-65-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-वाटर वेंडिंग मशीन), प्रत्येक स्टेशन अर्थात नबद्वीपधाम, अंबिका कालना, कटवा, खागड़ाघाट रोड और आजिमगंज जंक्शन में 01 वाटर वेंडिंग मशीन (संलग्न स्केच प्लान के अनुसार) (क्षेत्रफल- 30 वर्ग फुट प्रत्येक), 16.02.2026 को 13.50 बजे, **एए/4,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-डब्ल्यूवीएम-66-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-वाटर वेंडिंग मशीन), प्रत्येक स्टेशन अर्थात रामपुरहाट, सांईथिया, पाकुड़ और बोलपुर में 01 वाटर वेंडिंग मशीन (संलग्न स्केच प्लान के अनुसार) (क्षेत्रफल- 30 वर्ग फुट प्रत्येक), 16.02.2026 को 14.00, **रेट यूनिट:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क (क्रम सं. एए/1 से एए/4 के लिए)। **ट्रिप/दिन:** 1826 (क्रम सं. एए/1 से एए/4 के लिए)। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (क्रम सं. एए/1 से एए/4)। **ईएमडी** : 10% (क्रम सं. एए/1 से एए/4)। **टर्नओवर की आवश्यकता** : 0 (क्रम सं. एए/1 से एए/4 के लिए)।
HWH-592/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**
**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूवी/एचडब्ल्यूएच/25/61** **दिनांक : 04.02.2026**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं.: पीयूवी-एचडब्ल्यूएच-25-61, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 19.02.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसएन-17-26-1 [विज्ञापन -स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल], हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर-I (लिलुआ स्टेशन से हुगली स्टेशन एवं बेलुड़मठ स्टेशन) के अधीन स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), हावड़ा मंडल के तहत तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर-IV (क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकिपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) स्टेशनों के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-ओएसडी-86-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर विभिन्न स्थानों पर बर्द्धमान स्टेशन के अंदर रेलवे द्वारा स्थापित 06 (छह) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अधिकार प्रदान करना। **एसी/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे सूचना और वाणिज्यिक विज्ञापन के परिचालन, रखरखाव एवं प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एसी/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), नबद्वीपधाम रेलवे स्टेशन के अस्थायी बुकिंग कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/3,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/4,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-153-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), रामपुरहाट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/5,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना और रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत विवरण के लिए ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने का अनुरोध किया जाता है।
HWH-591/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# माध्यमिक परीक्षा के परिणाम को लेकर बोर्ड अध्यक्ष ने दिया संकेत, 90 दिनों में घोषित होंगे नतीजे

## रामानुज गंगोपाध्याय ने परीक्षा के बीच बोलपुर में एक स्कूल का किया दौरा

**बीरभूम :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले माध्यमिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा को लेकर छात्रों और अभिभावकों के बीच चल रही अटकलों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामानुज गंगोपाध्याय ने स्पष्ट संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी परीक्षा समाप्त होने के लगभग 90 दिनों के भीतर परिणाम घोषित करने की



कोशिश की जाएगी। हालांकि, परिणाम की सटीक तिथि और समय की आधिकारिक जानकारी परिषद की ओर से बाद में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

शनिवार को माध्यमिक परीक्षा के दौरान बीरभूम दौरे पर पहुंचे डॉ. गंगोपाध्याय ने भूगोल परीक्षा के दिन परीक्षा प्रबंधन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बोलपुर के श्री नंदा उच्च विद्यालय और द्वारोंदा चंडीमाता उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण यह चर्चा तेज थी कि कहीं परिणाम घोषणा चुनाव प्रक्रिया के बाद तो नहीं होगी।

बोर्ड अध्यक्ष के इस बयान से स्पष्ट हुआ है कि परिणाम प्रकाशन की सामान्य समयसीमा ही बरकरार रखी जाएगी, जिससे परीक्षार्थियों और अभिभावकों की चिंता काफी हद तक कम हुई है।

# भारतीय वन प्रबंधन संस्थान उत्तर बंगाल के कर्सियांग में खोलेगा अपना दूसरा कैंपस


**✒ इसी साल से एमबीए और वन संरक्षण व आजीविका वाले कुछ कोर्स होंगे शुरू**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आइआइएफएम) उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग जिले के कर्सियांग में अपना दूसरा कैंपस स्थापित करने जा रहा है। इस कैंपस में इसी साल से एमबीए और वन संरक्षण और आजीविका में विशेषज्ञता वाले कुछ कार्यक्रम (कोर्स) शुरू किए जाएंगे। आइआइएफएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर योगेश कुमार दुबे ने बताया कि कर्सियांग संस्थान भविष्य के वन प्रबंधकों और नीति पेशेवरों को प्रशिक्षित करेगा जो जटिल सामाजिक-पारिस्थितिक वास्तविकताओं का जवाब देने में सक्षम होंगे। आइआइएफएम जो केंद्र सरकार के तहत एक स्वायत संस्थान है, का पहला व मुख्य कैंपस मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित है, जो करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। उन्होंने बताया कि कर्सियांग कैंपस जलवायु परिवर्तन, मानव-वन्यजीव संघर्ष, वन-आधारित आजीविका, वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) 2006, और बेदखली और संरक्षण से संबंधित मुद्दों जैसे भारत की सबसे गंभीर पारिस्थितिक चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसका उद्देश्य विकास और और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना और छात्रों को संरक्षण नैतिकता व समुदाय की भागीदारी में निहित प्रबंधन कौशल से लैस करना है, जिससे वे स्थायी वन शासन में सार्थक योगदान दे सकें।

प्रोफेसर दुबे ने बताया कि कर्सियांग कैंपस का निर्माण एक पूर्व ईसाई मिशनरी सेंटर की भूमि पर किया जा रहा है, जिसे केंद्र सरकार ने अधिग्रहित किया है और इसे एक आधुनिक, अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधा में बदलने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि आइआइएफएम बंगाल के अलावा ओडिशा के मयूरभंज में लगभग 200 एकड़ भूमि पर अपना तीसरा कैंपस भी स्थापित कर रहा है। मयूरभंज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का गृह जिला है। प्रोफेसर दुबे के अनुसार, उत्तर बंगाल और ओडिशा दोनों ही जैव विविधता और वन-निर्भर समुदायों के मामले में अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि नए कैंपस वन संरक्षण, प्रबंधन और संबद्ध सेवाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए उन्नत प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

# गंगा की विरासत पर कोलकाता में 'नदी उत्सव', संस्कृति और पर्यावरण पर विशेष जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 31 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक कोलकाता में 'नदी उत्सव' का आयोजन किया गया। द फ्लुवियल आर्काइव: द गेंजेस बेसिन, कल्चर एंड कॉमर्स विषय पर केंद्रित यह कार्यक्रम ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन (ब्रिटिश क्लब) में आयोजित हुआ। इसके साथ 2 से 11 फरवरी तक विक्टोरिया मेमोरियल हॉल में नदियों पर आधारित दुर्लभ छायाचित्रों और चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि ब्रिटिश उप उच्चायुक्त डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग थे, जबकि प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात विद्वान और पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वपन दासगुप्ता ने



किया। उत्सव ने विद्वानों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर गंगा नदी और उसके तटों पर विकसित सांस्कृतिक व वाणिज्यिक गतिविधियों के ऐतिहासिक संबंधों पर चर्चा का अवसर दिया। कार्यक्रम में नदी और स्थानीय पहचान के रिश्ते के साथ पर्यावरणीय संरक्षण की जरूरत पर भी जोर दिया गया।

# कैंसर जागरूकता एवं निःशुल्क पैप स्मीयर जांच शिविर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के मार्गदर्शन में पूर्वांचल कोलकाता तेरापंथ महिला मंडल द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशाल कैंसर जागरूकता शिविर एवं निःशुल्क पैप स्मीयर जांच अभियान का सफल आयोजन तीन स्थानों पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया।इस निःशुल्क जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की समय रहते पहचान, रोकथाम एवं उपचार के प्रति जागरूक करना था। कुल 506 महिलाओं के पैप स्मीयर टेस्ट सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए। महिलाओं में इस शिविर को लेकर विशेष उत्साह, विश्वास एवं जागरूकता स्पष्ट रूप से देखने को




मिली। इस अवसर पर एक संक्षिप्त मीट एवं ग्रीट कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष एवं मंत्री, पूर्वांचल युवक परिषद् के अध्यक्ष एवं मंत्री, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष तथा उनकी पूरी टीम ने उपस्थित होकर इस पुनीत सेवा-कार्य हेतु शुभकामना संदेश प्रदान किया। साथ ही, एबीटीएमएम की बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन जी पटावरी एवं श्रीमती विनिता जी बरमेचा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जैन विश्व भारती के संयुक्त मंत्री श्री नवीन जी बेंगानी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष बबीता तातेड़, मंत्री नीता बोथरा एवं अनेक बहनों का सक्रिय सहयोग रहा।

# प्राथमिक शिक्षा परिषद ने टीईटी परीक्षा की तिथि की घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षा परिषद ने प्राथमिक स्कूलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्पेशल एड्यूकेटर नियुक्ति प्रक्रिया के तहत टीईटी परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। परीक्षा 22 फरवरी, रविवार को दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 3,131 उम्मीदवार शामिल होंगे। परिषद ने पहले ही 15 सितंबर, 2025 को 2,308 रिक्त पदों पर स्पेशल एड्यूकेटर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। लिखित परीक्षा के लिए कुल 80 अंक और इंटरव्यू एवं पढ़ाने की दक्षता के लिए 20 अंक निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षा परिषद की योजना के तहत इन पदों पर भर्ती विशेष रूप से उन छात्रों के लिए की जा रही है जिन्हें प्राथमिक स्कूलों में विशेष शिक्षा की आवश्यकता है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी। अब परिषद ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया कि 22 फरवरी को टीईटी परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक सुनिश्चित करना है।

# मालदह डिवीजन में ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए पुनसिया हॉल्ट पर आईबीएस प्रणाली चालू



**मालदह, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के दूरदर्शी नेतृत्व और मालदह डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पुनसिया हॉल्ट पर सिंगल लाइन इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग को 6 फरवरी को सफलतापूर्वक चालू किया गया। यह मालदह डिवीजन में दूसरा सिंगल लाइन आईबीएस है, पहला सिस्टम सांझा में चालू किया गया था। बाराहट-तिकानी खंड में स्थापित यह सिस्टम ब्लॉक संचालन को अधिक कुशल बनाने और समग्र परिचालन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया गया है। नए आईबीएस के साथ लंबे ब्लॉक खंड को छोटे खंडों में विभाजित किया गया है, जिससे ट्रेनों के बीच का अंतर कम हुआ, लाइन क्षमता बढ़ी, समयपालन बेहतर हुआ और यात्री व माल ढुलाई सेवाओं की परिचालन दक्षता में सुधार हुआ। सिस्टम में सॉलिड स्टेट ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर और मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर की तकनीक शामिल है, जो सटीक और विश्वसनीय ट्रेन डिटेक्शन सुनिश्चित करती है। इस पहल से मालदह डिवीजन की सुरक्षा, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता में सुधार होता है।

# जयरामबाती-बिष्णुपुर सेक्शन में अनधिकृत क्रॉसिंग बंद, रेलवे और जनता की सुरक्षा में बढ़ोतरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 6 फरवरी को जयरामबाती-बिष्णुपुर सेक्शन में एक अनधिकृत क्रॉसिंग को सफलतापूर्वक बंद कर दिया है। यह क्रॉसिंग लंबे समय से दुर्घटना प्रवण क्षेत्र के रूप में जानी जा रही थी, जहां पशु आवागमन, अनधिकृत वाहनों का ट्रैक पार करना और नियमित ट्रेन संचालन जैसी कई जोखिम कारक मौजूद थे। पहले की गई सुरक्षा उपायों, जैसे स्पीड ब्रेकर, हाइट गेज, और ट्रेनों पर 20 किमी/घंटा की गति सीमा के बावजूद यातायात जाम के कारण इसे स्थायी रूप से बंद नहीं किया जा सका था। अब क्रॉसिंग को रेल पोस्ट लगाकर पूरी तरह सुरक्षित कर दिया गया है, जिससे अनधिकृत



वाहन रेलवे ट्रैक पार नहीं कर पाएंगे। साथ ही, पहले लागू की गई गति सीमा भी समाप्त कर दी गई है। यह हावड़ा डिवीजन में पहचानी गई सात चारपहिया वाहन अनधिकृत क्रॉसिंग्स में से पहली सफल बंद क्रॉसिंग है। इस कदम से यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ेगी, जंगली जीवन की रक्षा होगी और ट्रेन संचालन में समयपालन और समग्र दक्षता में सुधार होगा। डिवीजन शेष छह अनधिकृत क्रॉसिंग्स को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बना रहा है।

# पश्चिम बंगाल में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा: आज रोड ओवर ब्रिज और नई ट्रेन सेवा का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में रेल अवसंरचना को मजबूत करने, सुरक्षा बढ़ाने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सुधारने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट तैयार हैं। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज यानी 8 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीउड़ी रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन करेंगे और कुमारपुर रोड ओवर ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और नई आसनसोल-बोकारो ट्रेन सेवा का झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल विधान सभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सिउड़ी रेलवे स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग संख्या 22बी/टी के स्थान पर नया रोड ओवर ब्रिज 42 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इस ब्रिज के बन जाने से लेवल क्रॉसिंग पर लंबी प्रतीक्षा समाप्त होगी, जिससे स्थानीय निवासियों और यात्रियों की यात्रा तेज और सुरक्षित होगी। यह मार्ग छात्रों, कार्यकर्ताओं और दैनिक यात्रियों के लिए सुविधा और सुरक्षा बढ़ाएगा। इसी तरह, बाराचक-हिरापुर यार्ड लाइन के लेवल क्रॉसिंग संख्या 1एसपीएल/ई के स्थान पर नया रोड ओवर ब्रिज 54.83 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह ब्रिज महत्वपूर्ण जीटी रोड कॉरिडोर पर स्थित है और असनस-ोल शहर को पश्चिम बर्धमान जिले और झारखंड के बड़े हिस्सों से जोड़ता है। यह व्यापार और यातायात को तेज और सहज बनाने के साथ सुरक्षा बढ़ाएगा और दैनिक यात्रियों के लिए सुविधाजनक होगा। साथ ही, असनसोल-बोकारो स्टील सिटी के बीच नई ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी, जो देश के दो प्रमुख स्टील हब्स को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह सेवा विशेष रूप से एसएआईएल के कर्मचारियों, दैनिक यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए लाभकारी होगी। ट्रेन पश्चिम बर्धमान और पुरुलिया जिलों के माध्यम से बोकारो जिला, झारखंड तक चलेगी, जिससे राज्य और राज्य से बाहर दोनों स्तरों पर यातायात में सुधार होगा और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने स्व. संतोष राय को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि













**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपने हेरिटेज कैंपस में स्व. श्री संतोष राय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान और समर्पण को याद किया। संस्थान के शुरुआती वर्षों में हेरिटेज ग्रुप की नींव मजबूत करने वाले श्री राय का निधन 23 जनवरी 2026 को हुआ। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हेरिटेज ग्रुप के संस्थापक ट्रस्टी एच.के. चौधरी (चेयरमैन), सज्जन भांजांका, विक्रम स्वरूप, साजन कुमार बंसल, जयदीप चितलांगिया और विकास अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा, पी.के. अग्रवाल (सीईओ), प्रो. बी.बी. पैरा (संस्थापक निदेशक, हेरिटेज



इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), प्रो. बासब चौधरी (प्रधानाचार्य, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) सहित हेरिटेज ग्रुप के अन्य संस्थानों के सभी प्राचार्य और निदेशक सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान लगभग 800 सदस्य ऑडिटोरियम में शामिल हुए, जिन्होंने स्व. श्री संतोष राय के योगदान और समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी वक्ताओं ने स्व. संतोष राय के संस्थान के प्रति समर्पण, ईमानदारी और अथक प्रयासों को याद किया। एच.के. चौधरी ने कहा, श्री संतोष हेरिटेज परिवार का अनमोल स्तंभ थे। उन्होंने मौन रहकर संचालन, परियोजनाओं, अकादमिक और मार्केटिंग सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। हेरिटेज परिवार ने स्व. संतोष



राय के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और उनके आदर्शों और विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# आईआरसीटीसी ने लॉन्च किया डिवाइन ईस्ट टेम्पल टूर, पूर्वी भारत के प्रमुख तीर्थ और धरोहर स्थलों की रेल यात्रा


**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने अपनी भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन पर पूर्वी भारत के लिए नया रेल-आधारित पर्यटन सर्किट डिवाइन ईस्ट टेंपल टूर लॉन्च किया है। यह 10-दिनों की



यात्रा श्रद्धालुओं और यात्रियों को उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों का अनुभव कराने का अवसर प्रदान करती है। यह विशेष यात्रा 9 मार्च 2026 को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और 18 मार्च को वापस लौटेगी। यात्रा कार्यक्रम में वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती, कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल, काली घाट और दाक्षिणेश्वर काली मंदिर, गंगासागर में पवित्र स्नान और कपिल मुनि मंदिर, पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर, भुवनेश्वर के धौलि शांति स्तूप, उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं, कोणार्क सूर्य मंदिर और बैद्यनाथ धाम (देवघर) शामिल हैं। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु पवित्र स्थलों के दर्शन के साथ-साथ समुद्र तट और विरासत स्थलों का आनंद भी ले सकते हैं। भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन में एसी ख, एसी खख और एसी खखख श्रेणी की 150 सीटें उपलब्ध हैं और इसमें दो रेस्तरां कार भी शामिल हैं। यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाला शुद्ध शाकाहारी भोजन, आधुनिक सुविधाओं से लैस केबिन, सुरक्षा सुविधाएं, ट्रैवल इंश्योरेंस और समर्पित टूर मैनेजर प्रदान किए जाएंगे। पैकेज कीमत एसी ख - 1,06,940/-, एसी खख - 98,925/- और एसी खखख - 79,285/- प्रति व्यक्ति है, जिसमें ट्रेन यात्रा, होटल में आवास, सभी भोजन, स्थानांतरण और टूर मैनेजर की सेवाएं शामिल हैं। आईआरसीटीसी की यह पहल धार्मिक और अवकाश पर्यटन का एक बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करती है और यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आत्मिक अनुभव प्रदान करने का उद्देश्य रखती है।

# वंदे भारत स्लीपर में अब मिलेगा बंगाली नॉन-वेज खाने का मजा, यात्रियों ने किया स्वागत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की रेलवे क्रांति में नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए देश की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ने हावड़ा से गुवाहाटी के लिए अपनी सेवा शुरू कर दी है। यह ट्रेन न केवल तकनीकी दृष्टि से विश्व स्तरीय है, बल्कि पहले ही परिचालन से 100% से अधिक ओक्युपेंसी दर्ज कर यात्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की दूरदर्शी योजनाओं के तहत यह पहल लंबी दूरी की यात्रा को आरामदायक बनाने के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को भी सम्मान देती है। यात्रियों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है ट्रेन में पेश किए जाने वाले नॉन-वेज भोजन। भारतीय रेल ने बंगाली संस्कृति में भोजन की



महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए ऐसा मेन्यू तैयार किया है जो घर का स्वाद महसूस कराता है। शाकाहारी विकल्प उच्च गुणवत्ता के बने रहते हुए, नॉन-वेज व्यंजन यात्रियों में तुरंत लोकप्रिय हो गए हैं। मुख्य व्यंजन में सुगंधित मटर पुलाव, कुरकुरी भाजी और पारंपरिक भाजा मूंग दाल शामिल हैं, जबकि पराठा के साथ चानार दालना (शाकाहारी) या मसालेदार चिकन कड़ाही विशेष पसंदीदा विकल्प हैं। मिठाई के रूप में खीर कदम पेश किया गया है, जो यात्रा का स्वादिष्ट अंत सुनिश्चित करता है। इस नई पहल से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय रेल पश्चिम बंगाल के लोगों की खाने की आदतों और संस्कृति का सम्मान करता है। यात्रियों की प्रतिक्रिया अत्यंत सकारात्मक रही है, जिसमें उन्होंने ट्रेन की सुरक्षा, सुविधा और अब स्वादिष्ट भोजन की सराहना की है। साथ ही, रेल मंत्रालय ने हाल ही में सिलिगुड़ी-वाराणसी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की है, जो उत्तर बंगाल को देश के आध्यात्मिक केंद्र से केवल तीन घंटे में जोड़ देगा। इस परियोजना से राज्यवासियों को तेज और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा और पश्चिम बंगाल भारत की आर्थिक एवं अवसंरचनात्मक प्रगति में अग्रणी रहेगा।

## जॉयविल शेपूरजी हाउसिंग हावड़ा में विकसित करेगा प्रीमियम रो हाउस

**कोलकाता, समाज्ञा :** शेपूरजी पल्लोंजी, एक्टिस, एडीबी और आईएफसी द्वारा समर्थित जॉयविल शेपूरजी हाउसिंग ने शेपूरजी पल्लोंजी वन एस्टेट की लॉन्चिंग की घोषणा की है। यह परियोजना हावड़ा के सांतरागाछी के पास 30 एकड़ के एकीकृत गेटेड डेवलपमेंट जॉयविल हावड़ा के भीतर विकसित की जा रही है, जिसमें 8 एकड़ क्षेत्र में कुल 180 प्रीमियम रो हाउस तैयार किए जाएंगे। जॉयविल हावड़ा पहले चरण के सफल प्रतिसाद के बाद इस नई पेशकश के माध्यम से स्वतंत्र आवास के आकर्षण को नए सिरे से प्रस्तुत करता है। 800 से अधिक परिवारों के लिए बने इस डेवलपमेंट का लगभग 75% हिस्सा हरित और खुले क्षेत्रों के लिए समर्पित है, जो संतुलित और आरामदायक जीवनशैली सुनिश्चित करता है। यह हावड़ा, कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी प्रदान करता है। प्रमुख परिवहन लिंक जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, हावड़ा और सांतरागाछी रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और कोना एक्सप्रेसवे आसानी से उपलब्ध हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, शेपूरजी पल्लोंजी रियल एस्टेट के सीईओ श्रीराम महादेवन ने कहा, रो हाउस आधुनिक होमबायर्स की निजी जीवन, सुरक्षा और दीर्घकालिक रहने की आकांक्षाओं को संतुलित करते हैं। हमारा उद्देश्य ऐसे घर बनाना है जो निजता और स्वामित्व का अनुभव दें, साथ ही पेशेवर रूप से प्रबंधित सुविधाओं और सामुदायिक जीवन को भी बढ़ावा दें।

# एसआईआर : 'जीवित मतदाताओं के नाम हटाने के प्रयासों' के विरोध में बादुरिया में सुनवाई केंद्र पर प्रदर्शन

**❑ सीईओ कार्यालय ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मांगी रिपोर्ट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना में एक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सुनवाई केंद्र पर शनिवार को इस आरोप को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया कि जीवित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए उन्हें मृत दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एक एसआईआर सुनवाई केंद्र पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर 'उपद्रव' करने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बादुरिया ब्लॉक कार्यालय में तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर उपद्रव करने का आरोप लगाया, जबकि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी ने इस आरोप का खंडन किया और दावा किया कि आम लोग इस प्रक्रिया से असंतुष्ट हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि बेनाग्राम के चांदीपुर ग्राम पंचायत के बूथ नंबर 45 और अटघरा ग्राम पंचायत के बूथ नंबर 80 के 33 मतदाताओं को 'फॉर्म 7' भरने के लिए कहा गया था। प्रभावित मतदाताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें मृत घोषित करके जानबूझकर उनके नाम हटाने की साजिश रची गई है। अधिकारी ने बताया कि व्यथित मतदाताओं ने बदुरिया ब्लॉक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि जीवित मतदाताओं को मृत घोषित करने के पीछे भाजपा का



हाथ है। स्थानीय निवासियों ने निर्वाचन आयोग से 'षड्यंत्र' में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बादुरिया के बीडीओ पार्थ हाजरा ने बताया कि कई मतदाताओं ने शिकायतें दर्ज कराई हैं और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और शिकायतों की पुष्टि की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी है।

**☛ शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल पर लगाया धमकाने का आरोप**

दूसरी तरफ, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान जानबूझकर कानून-व्यवस्था बिगड़ने देने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया। अधिकारी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के तत्वों ने फरक्का और चाकुलिया में पिछली घटनाओं की तरह, बादुरिया खंड कार्यालय के अंदर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उपद्रवियों ने एसआईआर सुनवाई के दौरान परिसर में तोड़फोड़ की और अधिकारियों को धमकाया। अधिकारी ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें कुछ गुस्साये लोग बीडीओ कार्यालय के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करते दिख रहे हैं, जबकि अधिकारी उन्हें शांत करने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा नेता ने बांग्ला भाषा में लिखे अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि राज्य में कोई कानून-व्यवस्था नहीं है और राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों को सुनवाई केंद्र से ''जानबूझकर हटा दिया है'', ताकि तृणमूल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की कथित अवैध गतिविधियां आसान हो सकें। भाजपा नेता ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाया कि वह मतदाता सूची में हेरफेर करने और अवैध मतदाताओं की बिना किसी प्रशासनिक बाधा के सुरक्षा करने की कोशिश कर रही है।

# इस महीने ही राज्य में आ सकता है आयोग का फुल बेंच, डीजी ने जिलों को सतर्क रहने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में इस महीने ही राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग का फुल बेंच आने की संभावना है। इसी संदर्भ में शनिवार को विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य पुलिस के कार्यवाहक डीजी और राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक से यह संकेत मिला कि किसी भी समय राज्य में राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग का फुल बेंच आ सकता है, इसलिए सभी को तैयार रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न जिलों के एसपी और पुलिस कमिश्नरों को राज्य पुलिस के कार्यवाहक डीजी और राज्य पुलिस नोडल ऑफिसर द्वारा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कार्यवाहक डीजी पीयूष पांडे ने कहा, जिला दर जिला आप तैयार रहें। किसी भी छोटी घटना पर भी पुलिस को सक्रिय होना होगा। साम्प्रदायिक शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करें। बैठक में विभिन्न जिलों के पुलिस कमिश्नर और एसपी को संबोधित करते हुए कार्यवाहक डीजी ने कहा कि मतदान से जुड़े सभी होमवर्क पहले से कर लें। राज्य पुलिस नोडल ऑफिसर आनंद कुमार ने भी अधिकारियों को इसी दिशा में निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार, बैठक लगभग 40 मिनट चली और इसमें राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारी शामिल थे।

# पथश्री योजना से सड़कों की बदहाली दूर करने का लिया गया संकल्प

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले सड़कों की खराब स्थिति सुधारने के उद्देश्य से श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा के कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता का नेतृत्व स्वयं चेयरमैन गिरधारी साहा ने किया। इस मौके पर सीआईसी संतोष सिंह, सीआईसी गौर मोहन दे, सीआईसी पिंटू नाग और सीआईसी तियाशा मुखर्जी भी उपस्थित रहीं। सीआईसी संतोष सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल में विकास कार्यों को रोकने के लिए आर्थिक वंचना कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य के समग्र विकास को रुकने नहीं देंगी। इसी संकल्प के तहत पथश्री योजना के माध्यम से श्रीरामपुर में लगभग 100 किलोमीटर सड़कों का



नवीनीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'आमादेर पाड़ा आमादेर समाधान' योजना के तहत 15 करोड़ रुपये तथा पथश्री योजना के तहत 35 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। सड़कों के निर्माण कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चेयरमैन गिरधारी साहा ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 28 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा, जिसके लिए 29 करोड़ 88 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। यह निर्माण कार्य केएमडीए के तहत किया जाएगा। कुल 85 सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव से पहले सभी सड़कें पूरी तरह तैयार हो जाएंगी, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही केंद्र सरकार राजनीतिक कारणों से राज्य को आर्थिक रूप से वंचित करने की कोशिश कर रही हो, लेकिन राज्य सरकार अपने स्तर पर नागरिक सेवाओं के प्रति संकल्पबद्ध है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में और अधिक विकास कार्य देखने को मिलेंगे। इधर भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस वोट की लालसा में यह सब कर रही है और यह केवल चुनावी एजेंडा है।

# हावड़ा में नाले का गंदा पानी सड़कों पर फैला, माध्यमिक परीक्षार्थियों को भारी परेशानी

**हावड़ा, समाज्ञा :** माध्यमिक परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण दिन पर हावड़ा के शिवपुर जीटी रोड से सटे फजिरबाजार इलाके में हालात अचानक चुनौतीपूर्ण हो गए, जब एक लंबा नाला उफनकर सड़कों पर फैल गया। सूखे मौसम के बीच हुए इस अप्रत्याशित जलभराव ने खासकर परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर दी। लगभग एक किमी तक गंदा पानी फैल जाने से पूरा इलाका रातोंरात जलमग्न हो गया और सामान्य आवाजाही ठप पड़ गई। इसी क्षेत्र में स्थित शिवपुर अंबिका हिंदू स्कूल में तीन अलग-अलग स्कूलों के छात्रों का माध्यमिक परीक्षा केंद्र था। सुबह-



सुबह परीक्षा देने निकले कई छात्र रास्ते में जमा गंदे पानी को देखकर घबरा गए, लेकिन परीक्षा छोड़ने का सवाल ही नहीं था। कई परीक्षार्थी पैंट मोड़कर, जूते हाथ में लेकर पानी से भरी सड़क पार करते दिखे, जबकि कुछ को स्थानीय लोगों ने सहारा देकर आगे बढ़ाया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ड्यूटी पर तैनात हावड़ा सिटी पुलिस के अधिकारियों ने मानवीय पहल की। पुलिस कर्मियों ने टोटो (बैटरी चालित वाहन) की व्यवस्था कर छात्रों को सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। इस मदद से कई विद्यार्थी समय पर परीक्षा हॉल तक पहुंच सके, जिससे उनकी एक साल की मेहनत पर पानी फिरने से बच गया। सूचना मिलते ही नगर निगम की सफाई टीम मौके पर पहुंची और नाले की सफाई का काम शुरू किया। सफाई के दौरान पेड़ों के तने, लकड़ी के पटरे और केबल तार जैसी रुकावटें निकाली गईं, जिनकी वजह से पानी की निकासी बाधित हुई थी। इस बीच स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप भी लगे, लेकिन दिन भर सबसे बड़ी चर्चा यही रही कि कठिन हालात के बावजूद छात्रों ने हिम्मत नहीं हारी और परीक्षा देने पहुंचे।

## भांगड़ दौरे में पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार का कड़ा रुख, कहा.. 'हिंसा पर जीरो टॉलरेंस'



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नए पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार ने पहली बार भांगड़ का दौरा किया। जहां उन्होंने चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर एक अहम बैठक की। यह बैठक भांगड़ डिवीजन कार्यालय में बंद कमरे में आयोजित की गई। बैठक में भांगड़ डिवीजन के डीसी सैकत घोष समेत सभी थाना प्रभारी (ओसी) उपस्थित थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बैठक में जल्द ही प्रस्तावित विजयगंज बाजार थाना के उद्घाटन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही भांगड़ में तैनात पुलिसकर्मियों की सुविधाओं और समस्याओं की भी समीक्षा की गई। सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में पूर्व में हुई राजनीतिक हिंसा को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ने सख्त संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे और इलाके में शांति बनाए रखने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए। हालांकि, बैठक के बाद कोलकाता लौटते समय सुप्रतिम सरकार ने मीडिया से कोई टिप्पणी नहीं की।

# कानून-व्यवस्था, उद्योग और महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा का टीएमसी पर हमला

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर में आयोजित एक प्रेसवार्ता और जारी राजनीतिक पोस्टर के जरिए भाजपा ने राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। बैरिस्टर एवं भाजपा नेता कबीर शंकर बोस ने एक रेस्टोरेंट हॉल में प्रेसवार्ता कर कानून-व्यवस्था, उद्योग, बेरोजगारी और स्थानीय समस्याओं को लेकर राज्य सरकार को घेरा। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बोस ने कहा कि पश्चिम बंगाल में उद्योग-धंधों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। कई कल-कारखाने बंद हो चुके हैं और जूट उद्योग गंभीर संकट से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्योगों के बंद होने से बेरोजगारी बढ़ी है और युवाओं के सामने रोजगार का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा



कि राज्य सरकार को अन्य राज्यों से तुलना करने के बजाय अपनी स्थिति सुधारनी चाहिए। उनका दावा था कि कई राज्यों में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है, जबकि बंगाल में सरकार केवल मुआवजे की घोषणा तक सीमित रह जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाएं समेत आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उनके अनुसार, राज्य में अपराध बढ़ रहा है और लोगों में भय का माहौल है। बोस ने कट मनी, सिंडिकेट राज और भूमि माफिया का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और प्रशासन निष्पक्ष रूप से काम नहीं कर रहा। उन्होंने श्रीरामपुर स्थित राम-सीता मंदिर की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर मंदिर के पुनरुद्धार के लिए कदम उठाए जाएंगे। इसी दौरान श्रीरामपुर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक राजनीतिक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसका शीर्षक था- चार्जशीट का जवाब: चाय पर श्रीरामपुर। पोस्टर में शहर की बदहाल स्थिति, प्रदूषण और अव्यवस्था को प्रमुख मुद्दा बनाया गया है। इसमें नदी किनारे अवैध कब्जों, जाम की समस्या, जलभराव, नालियों की खराब स्थिति, कचरा प्रबंधन की विफलता और वायु प्रदूषण जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। रेलवे लाइन किनारे अधूरे कार्यों और यातायात अव्यवस्था का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि, इन आरोपों पर राज्य सरकार या तृणमूल कांग्रेस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। श्रीरामपुर की राजनीति में इन बयानों और पोस्टर को लेकर हलचल तेज हो गई है।

## बारासात में भीषण अग्निकांड, चार पोल्ट्री फार्म जलकर राख, 12 हजार से अधिक मुर्गियां जली



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। खोसबदेलपुर शेखपाड़ा इलाके में स्थित कई पोल्ट्री फार्मों में अचानक आग लगने से हजारों मुर्गियां जलकर मर गईं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, एक के बाद एक चार पोल्ट्री फार्म आग की चपेट में आ गए, जिससे लगभग 10 से 12 हजार मुर्गियों की मौत हो गई। इस हादसे में 15 से 20 लाख रुपये तक के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय अचानक एक फार्म से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों और पोल्ट्री मालिकों ने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दमकल अधिकारियों ने बताया कि पोल्ट्री शेड में सूखी घास, लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने से आग तेजी से फैल गई। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दमकल की गाड़ियां ट्रैफिक जाम के कारण देर से पहुंचीं, जिससे नुकसान बढ़ गया। घटना के बाद इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## खड़गपुर में बस दुर्घटना, महिला की मौत व 20 यात्री घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर में शनिवार को तेज रफ्तार में ओवरटेक करने के दौरान एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 यात्री घायल हो गए। यह हादसा खड़गपुर ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत सांकुआ इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-16 पर सुबह करीब 10 बजे हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अमलाशुली से दीघा जा रही यात्री बस का चालक तेज गति में आगे चल रही दूसरी बस को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बस का टायर अचानक फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही खड़गपुर ग्रामीण थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटाया गया। हादसे में घायल यात्रियों को तत्काल खड़गपुर अनुमंडल अस्पताल तथा मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) मनोरंजन घोष ने मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस में करीब 70 यात्री सवार थे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक अधिकारी ने बताया कि दो बसों के बीच होड़ (रेसिंग) की स्थिति के कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं हादसे के बाद कुछ समय के लिए बाधित यातायात को बाद में सामान्य कर दिया गया।

# कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस का रूट मार्च, अपराधियों को कड़ा संदेश

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर थाना पुलिस ने अपराधियों में खौफ पैदा करने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से रूट मार्च निकाला। यह रूट मार्च श्रीरामपुर थाना के एसीपी जी. अरविंद के नेतृत्व में तथा थाना प्रभारी (आईसी) सुखमय चक्रवर्ती की देखरेख में आयोजित किया गया। रूट मार्च की शुरुआत श्रीरामपुर स्थित हॉली होम स्कूल के सामने से हुई। इसके बाद, पुलिस बल जीटी रोड होते हुए बट्टतला पहुंचा और अंत में श्रीरामपुर थाना के समक्ष मार्च का समापन हुआ। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने पूरे इलाके में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसीपी जी. अरविंद ने बताया कि इस रूट मार्च का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय पैदा करना, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के नवागत पुलिस आयुक्त डॉ. कोटेश्वर राव ने पदभार संभालते ही सभी थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है। संवेदनशील और अति-संवेदनशील इलाकों में विशेष रूप से रूट मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बना रहे।

## बारासात के स्टार विधायक चिरंजीत चक्रवर्ती ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनने से किया इंकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात के स्टार विधायक और तीन बार के विधायक चिरंजीत चक्रवर्ती ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनने से मना कर दिया है। शनिवार को विधानसभा परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब उनकी ऊर्जा और लोगों के बीच खड़े होने की क्षमता कम हो रही है, इसलिए वे अब राजनीति में उतनी सक्रिय भूमिका नहीं निभा पाएंगे। चिरंजीत ने कहा, मैं पहले ही तीन बार विधायक रह चुका हूं। अब चौथी बार का अवसर है, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरी ऊर्जा कम हो गई है। मैं उतनी तेजी से दौड़ नहीं सकता, न ही फिल्मों में फाइट कर सकता हूं। राजनीति बहुत मेहनत और बड़ी जिम्मेदारी का काम है, और मैं इसे अब पूरी तरह से निभा पाने में सक्षम नहीं हूं। इसलिए अगर मैं अब नहीं रहूं, तो बेहतर होगा। पत्रकारों ने उनसे यह भी पूछा कि अगर ममता बनर्जी बारासत में उन्हें छोड़कर कोई और प्रत्याशी नहीं बनाना चाहतीं, तो क्या वे चुनाव में खड़े होंगे। इस पर चिरंजीत ने कहा, ममता बनर्जी बहुत दूरदर्शी हैं। उन्हें नकारा नहीं जा सकता। मैं अनुरोध कर सकता हूं लेकिन वे बहुत अच्छे से जानती हैं कि किसकी और कितनी जरूरत है। चिरंजीत चक्रवर्ती का राजनीतिक करियर 2011 से बारासत में सक्रिय रहा है और उन्होंने लगातार तीन बार विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है। उनके निर्णय से बारासत की राजनीति में नई परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं और आगामी चुनाव में पार्टी की रणनीति प्रभावित होगी।

## मुर्शिदाबाद में बीएलओ की मौत के बाद चुनाव आयोग के खिलाफ बेटे ने दर्ज कराई शिकायत

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले में बीएलओ माया मुखोपाध्याय की कथित रूप से हृदयाघात से हुई मौत के बाद चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठे हैं। मृतका के बेटे रुबेल मुखोपाध्याय ने शुक्रवार को संबंधित थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनकी मां ने ड्यूटी से अवकाश की मांग की थी, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। माया मुखोपाध्याय को हरिहरपाड़ा थाना क्षेत्र के चुआपुर ग्राम पंचायत के श्रीपुर स्थित बूथ संख्या 251 का बीएलओ नियुक्त किया गया था। परिवार के अनुसार, काम के अत्यधिक दबाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्प-ताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। बाद में घर लौटने के




बावजूद वे मानसिक तनाव में थीं। बताया जा रहा है कि सुनवाई प्रक्रिया के तहत उनके बूथ के लगभग 350 लोगों को बुलाया गया था और नाम कटने की आशंका को लेकर उन्हें संभावित हमले का डर सता रहा था। परिवार का आरोप है कि इसी तनाव के बीच शुक्रवार को उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई। माया के छोटे बेटे का कहना है कि वह बीएलओ की जिम्मेदारी लेने के पक्ष में नहीं थीं, लेकिन आयोग के दबाव में उन्हें यह दायित्व स्वीकार करना पड़ा।

# जलपाईगुड़ी में सड़क हादसे में दो कॉलेज छात्रों की मौत, एक घायल



**जलपाईगुड़ी :** सड़क दुर्घटना में दो कॉलेज छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान कर्णदेव मंडल और शुभाशीष उरांव के रूप में हुई है जबकि घायल युवक का नाम दीपंकर मजूमदार है, जिसे गंभीर अवस्था में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा राजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमबाड़ी-हाथीमोड़ राज्य सड़क पर तूतबागान इलाके में हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आमबाड़ी की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक हाथीमोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तूतबागान इलाके में उनकी बाइक एक बड़े कंटेनर से टकरा गई। आरोप है कि कंटेनर मोड़ने के दौरान फंस गया था और रात से ही सड़क के एक बड़े हिस्से पर खड़ा था। सुबह घना कोहरा होने के कारण बाइक चालक कंटेनर को देख नहीं सका, जिससे यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आसनसोल में शिशु की मौत को लेकर अस्पताल के सामने हंगामा

**आसनसोल :** आसनसोल उत्तर थाना अंतर्गत सृष्टिनगर स्थित एक निजी अस्पताल में शिशु की मृत्यु को लेकर शनिवार की सुबह से ही तनाव-पूर्ण स्थिति बनी रही। मृत शिशु के परिजनों ने इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बच्ची पूरी तरह स्वस्थ थी और कल केवल मामूली बुखार की शिकायत के बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन, सुबह में अचानक बच्ची की मौत हो गई, जिससे परिवार सदमे में है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही उनकी बच्ची की जान गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसनसोल उत्तर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई।

# श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में वार्षिक खेलकूद समारोह- 2026 हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** 1 फरवरी, रविवार को स्कॉटिश चर्च कॉलेज के ऐतिहासिक खेल मैदान में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय (छात्रा विभाग) का वार्षिक खेलकूद समारोह- 2026 अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज और शिक्षा जगत के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी माणक नाहटा थे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर विद्यालय सोसायटी के मुख्य न्यासी पदम कुमार राय जाद एवं टॉलीगंज जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष अशोक कुमार पारख रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।




कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने में विद्यालय अध्यक्ष मालचंद सिंघी एवं मंत्री विजय चोपड़ा का विशेष योगदान रहा। सामाजिक कार्यकर्ता कमलजी पुगलिया की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रिंसिपल माधवी शर्मा ने पुष्प भेंट कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्चपास्ट और मशाल प्रज्वलन से हुई। इसके बाद, मुख्य अतिथि एवं गेस्ट ऑफ ऑनर द्वारा उड़ाए गए रंग-बिरंगे गैस बैलून कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, जिसने मैदान को रंगीन बना दिया और छात्राओं के उत्साह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस खेलकूद समारोह में शिशु विभाग, प्राइमरी एवं सेकंडरी तीनों विभागों की छात्राओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# अवैध संबंध के संदेह में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के तीन नंबर नरमा इलाके के बारिकबाड़ गांव में अवैध संबंध के संदेह में एक युवक की हत्या किए जाने का आरोप सामने आया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की देर रात सोते समय धारदार हथियार से हमला कर युवक की जान ली गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान कार्तिक शासमल (38) के रूप में हुई है। आरोप है कि शुक्रवार की देर रात पड़ोसी अभय हेम्ब्रम धारदार हथियार लेकर कार्तिक के घर में घुसा और सोते समय उस पर कई वार किए। पुलिस का दावा है कि कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि कार्तिक की पत्नी के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और नारायणगढ़ थाने को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर खड़गपुर अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपित अभय हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर लिया है और उसे खड़गपुर अनुमंडल अदालत में पेश किया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस का आरोप है कि आरोपित को अपनी पत्नी और मृतक के बीच अवैध संबंध होने का संदेह था, इसी शक के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और आरोपित से पूछताछ के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल इलाके में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

# गागरोन दुर्ग, झालावाड़, राजस्थान


## हमारी अनजानी धरोहर 90



डॉ। एस। के। सैनी

इस चल दुर्गा का निर्माण हाडा राजा बीसलदेव द्वारा 12वीं शताब्दी में किया गया था यह ऊ और काली सिंध नदियों के संगम पर बना हुआ है इस जल दुर्ग के अद्भुत सामरिक संरचना के कारण ही इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया गया और सम्मानित किया गया इस दुर्ग पर पहुंच जाना लगभग असंभव है क्योंकि वर्षा काल में यह नदियां और इनका पानी रोद्र रूप धारण कर लेता है और यह स्थल से एकदम कट जाता है।

इस जल दुर्ग पर खींची राजपूत ने लगभग 300 वर्षों तक शासन किया इस दौरान यह दुर्ग कई युद्ध का और जोहर का भी गवा रहा है। औरंगजेब ने आक्रमण करके और इसको अपने कब्जे में दिया और यहां पर बुलंद दरवाजे का निर्माण किया अंदर एक पीर बाबा मीठी शाह की मजार है तथा श्री कृष्ण का मंदिर है जो मधुसूदन के नाम से विख्यात है। इस दुर्ग की संरचना बलुई पत्थरों से निर्मित सीधी सीधी दीवारों के रूप में है ताकि बाहर से कोई भी उसे पर चढ़ नहीं सके और गलती से चढ़े तो वह ठीक नहीं पाएगा इतनी ऊंचाई तक सपाट खड़े पत्थरों और छूने की मदद से कारी-गरों ने इसका निर्माण किया है। अंदर उसे समय के शासकों के लिए सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी जो लगभग 6 महीने से एक



वर्ष के बीच तक उसे दुर्ग में रहने वाले नागरिकों और शासको के लिए राशन की आपूर्ति पर्याप्त समझी जाती थी इतना वहां पर भंडारण की व्यवस्था थी तथा साथ में ही दोनों नदियों का पानी ग्रीष्मकल में भी जल की आपूर्ति भी कभी बाधित नहीं होती थी। भले यह दुर्ग यूनेस्को विश्व धरोहर के रूप में है किंतु अभी भी पर्यटकों के लिए यह एक अनजानी सी धरोहर बन कर रह गया है। इस जल दुर्ग में राजा और उसके सेवादारों के लिए अलग-अलग स्थल चिन्हित है। शाही क्षेत्र एक और है और सेवा धाम दारू के रहने के और कार्य करने के निवास अलग-अलग जगह पर स्थित है। इस जल दुर्ग में घोड़े के अस्तबल से लेकर के भंडारण तथा अन्य आपूर्ति की वस्तुओं के क्रय विक्रय के लिए भी स्थल चिन्हित किए गए थे पानी की आपूर्ति साल भर सुनिश्चित करने के लिए बड़े-बड़े टैंक पानी के खोदे गए थे जो जब भू गर्भ से जल की आपूर्ति हमेशा 12 महीने सुनिश्चित करते थे। यह दुर्ग अपने आप में बेहद शक्तिशाली दुर्ग था क्योंकि अन्न भंडारण के पश्चात यह 12 महीने के लिए किसी पर आश्रित नहीं रहता था। यह जल दुर्ग कोटा से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण पूर्व में स्थित है।

# गार्डनिंग का शौक आप भी पूरा कर सकते हैं

सुनीता गाबा

गार्डनिंग बहुत से लोगों का शौक होता है। मैट्रो शहरों में रहकर इस शौक को पूरा करना थोड़ा मुश्किल होता है पर असंभव नहीं क्योंकि मैट्रो शहरों में फ्लैट सिस्टम के होते आप घर के बाहर लान तो बना ही नहीं सकते। बस ग्राउंड फ्लोर वाले लोग इस शौक को आसानी से बरकरार रख सकते हैं पर घबराइये नहीं। फ्लैट्स में रहकर गार्डनिंग लान के रूप में तो नहीं हो सकती पर गमलों में पौधे लगा कर शौक पूरा किया जा सकता है।

● गार्डनिंग के शौक को पूरा करने के लिए पहले कुछ जानकारी एकत्रित कर लें तो थोड़े से पौधों का ध्यान अच्छी तरह रख सकते हैं जैसे कौन सी मिट्टी, कितना पानी, कौन सी खाद और किस मौसम में कौन सा पौधा उग सकता है, इस बारे में जानकारी एकत्रित कर लें । फिर इस बात पर ध्यान दें कि गमले आप बालकनी में कहां रखेंगे और वहां कितनी धूप और हवा आती है।

● गार्डनिंग के लिए उचित औजार भी खरीद लें ताकि उनकी कटिंग, रोपाई आदि आसानी से कर सकें। इसके लिए खुरपा, फव्वारा और कटर अवश्य अपने पास रखें। एक छोटा पानी स्प्रे करने वाला पॉट भी रखें ताकि छोटे पत्ते वाले पौधों को साफ किया जा सके। अपने लिए वाटरप्रूफ दस्ताने भी अवश्य रख लें।

● गमलों को बाहर से पेंट कर बालकनी में रखें। ऊंचे पौधों वाले गमले पीछे और छोटे पौधे वाले गमले आगे रखें ताकि छोटे पौधे वाले गमले बड़े पौधों के पीछे छिपकर अपनी सुंदरता कम न कर दें। नया पौधा लगाते समय उस गमले की मिट्टी बाहर निकाल कर उसमें खाद



मिलाकर गमले में भरें ताकि गमले में नया पौधा आसानी से अपनी जड़ पकड़ सके।

● बीच-बीच में सीजनल फूल भी लगाएं ताकि फूलों की सुंदरता का आनंद उठाया जा सके। बस ध्यान दें कि सीजन खत्म होते ही उसमें दूसरे पौधे लगवा लें। कुछ ऐसे पौधे गमलों में लगायें जो सारा साल हरे भरे रहें ताकि आपकी बगिया हरी भरी रहे।

● जो भी पौधा लगाने जा रहे हैं, उसकी जानकारी लेबल से पढ़ लें। कितनी धूप और कितनी छांव की आवश्यकता है, इस बारे में भी निर्देश पढ़ लें। गमले पौधों की लम्बाई अनुसार खरीदे जाएं और धूप व छाया का ध्यान रखा जाए।

● बहुत सारे गमले बालकनी में न भरें। बालकनी टाइट लगती है और पौधों को बढ़ने के लिए उचित स्थान नहीं मिलता। गमलों में भी कुछ दूरी बना कर रखें। यदि आपकी बालकनी साइड में भी है तो कुछ गमले वहां रखें। यदि घर में प्रवेश द्वार के पास एक बालकनी है जिसे वरान्डा भी कहते हैं तो वहां एक कोने में गमलों को रखें। बीच-बीच में गोल पत्थर भी रखें तो बगिया का कार्नर अच्छा लगेगा।

● गमलों में लगे पौधों पर पानी फव्वारे से डालें। डिब्बे या पाइप से डालने पर जड़ों से मिट्टी हट जाती है और पौधे सूख जाते हैं। समय-समय पर खाद डालते रहें ताकि उन्हें खुराक मिलती रहे।

● सप्ताह, डेढ़ सप्ताह में गुड़ाई खुरपे से अवश्य करें ताकि नीचे की मिट्टी ऊपर होती रहे और पौधे प्राकृतिक रूप से सांस लेते रहें। ध्यान रखें जिस समय गुड़ाई करें, पानी उसी समय न डालें। कम से कम चार पांच पौधों का अंतराल रखें और शाम को या अगले दिन पानी डालें।

● निराई भी करते रहें। सूखे पत्ते, कटे फटे पत्ते, जंगली घास को साथ-साथ निकालते रहें ताकि ये पौधों की खुराक को न खाते रहें। गमले में लगे पौधे सुंदर लगेंगे।

● जब पत्ते या टहनियां अधिक बढ़ जाएं तो कटर की सहायता से उन्हें सही आकार देते रहें।

● अपने मित्रों और संबंधियों से जो गार्डनिंग के शौकीन हों, टिप्स लेते रहें। (उर्वशी)

# कैसे दिखें आप सुंदर?

शिखा चौधरी

सुंदरता का यूं तो कोई मापदंड नहीं है किन्तु किसी खूबसूरत चेहरे को देखकर सबकी नजरें अनायास ही उस पर टिक जाती हैं यानी आंखों को जो अच्छी लगे, वही खूबसूरती होती है। यह भी माना जाता है कि सुंदरता व्यक्ति विशेष में नहीं बल्कि देखने वाले व्यक्ति की आंखों में होती है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप सुंदर दिखने के लिए कुछ न करें और सोचें कि जिसे लगना होगा, आप ऐसे ही सुंदर लगेंगी। इससे अलग सुंदर दिखने के लिए आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं।

व्यक्ति को सुंदर दिखने और अपने व्यक्तित्व को निखारने के प्रयास करते रहने चाहिए। आपका व्यक्तित्व आपकी खूबसूरती को बढ़ाता है। यह न सोचें कि ढेरों क्रीम चेहरे पर लीप-पोतकर आप सबका ध्यान अपनी ओर खींच लेंगी। तब आप सिर्फ परिहास का पात्रा बनेंगी।

खूबसूरती सिर्फ बाहरी रंग-रूप से ही नहीं बनती बल्कि इसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व और व्यवहार से मिलकर बनी छवि भी शामिल होती है। व्यक्ति को अपने गुणों को भी निखारना चाहिए। इसके लिए ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। सिर्फ अपनी सोच को सकारात्मक बनाने की जरूरत है।

### सकारात्मक सोच:-

सुंदरता सिर्फ बाहरी ही नहीं होती बल्कि इसमें मन के विचारों का भी सहयोग होता है। आपके मन के सुंदर विचार आपके चेहरे की सुंदरता को चार चांद लगा देते हैं। आपके मन में सुंदर विचार तभी आयेंगे जब आप अपनी सोच को सकारात्मक बनायेंगे। आपकी सकारात्मक सोच आपके व्यक्तित्व को नया रूप प्रदान करेगी। इसके लिए अच्छी पत्रा-पत्रिकाएं पढ़ें। ऐसे लोगों से मिलें जो सकारात्मक सोचते हों।

### सम्पूर्ण आहार:-

खूबसूरत दिखने के लिए सबसे जरूरी है चेहरे का कांतिमय होना। महिलाओं के लिए खूबसूरती में उनके चेहरे का बेहद योगदान होता है। चेहरा खूबसूरत तभी दिखेगा जब उसकी त्वचा पर कोई दाग-धब्बा भी नहीं होगा। त्वचा को खूबसूरत और दाग-धब्बों हीन बनाने के लिए जरूरी है सम्पूर्ण आहार लेना यानी संतुलित और पौष्टिक भोजन लेना। अपने भोजन में अंकुरित अनाज, दालें, फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और सलाद प्रचुर मात्रा में शामिल करें। दिन में कम से कम 10-20 गिलास पानी जरूर पिएं। इससे चेहरे की रौनक बढ़ेगी।

### तनाव से बचें:-

सुंदरता का सबसे बड़ा दुश्मन है तनाव। तनाव से दूर ही रहें तो अच्छा है। हमेशा खुश रहने की कोशिश करें। अपने अंदर ही खुशी तलाशें। इतनी खुशी कहीं और आपको नहीं मिल पाएगी जितनी आपके अंदर छुपी है। उसे महसूस करेंगी तो आप खिल जायेंगी। इससे आपके रंग-रूप पर भी निखार आयेगा। आपका चेहरा भी नीरस नहीं होगा किन्तु यदि आप क्रोध में जली भुनी रहेंगी तो आप कितनी भी सुंदर हों, कोई भी आपकी तरफ आकर्षित नहीं हो पायेगा। आपका मधुर व्यवहार और मोहक हंसी सबका ध्यान आपकी ओर खीं-चेगी जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### नियमित योग और व्यायाम:-

नियम से प्रतिदिन योग और व्यायाम करने से स्वस्थ एवं सुंदर बना जा सकता है। इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होती है जो हमारी सुंदरता में रोड़ा बन जाती है जबकि दिन में रोज एक बार योग या व्यायाम करने से हम फिट तो रहेंगे ही, हमारा मस्तिष्क भी सकारात्मक ही सोचेगा। इससे चेहरे पर भी नई चमक आयेगी।

### स्वच्छ रहें:-

अगर आपकी त्वचा गोरी है, बाल लंबे और काले हैं, आंखें बड़ी हैं, चेहरा खूबसूरत है लेकिन शरीर से दुर्गन्ध आती हो, कुहनियां काली हों, बाल बिखरे-बिखरे और तेल चुपड़े हो, पैरों में बिवाइयां फटी हों तो आपको किसी भी एंगल से सुंदर नहीं कहा जा सकता। हाथ-पैरों की नियमित सफाई करें। यदि शरीर से पसीने की बदबू आती हो तो नहाने के पानी में गुलाब की पत्तियों या नींबू का रस मिला लें। नहाने के बाद पाउडर या डियो स्प्रे करना न भूलें।

यदि आप जरा सा अपना ध्यान रखेंगी तो अपने आप में कई बदलाव महसूस करेंगी। इससे आप खुद को तो सुंदर दिखेंगी ही, दूसरे भी आपकी तारीफ करते नहीं करेंगे। इससे आपमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। (उर्वशी)



# आपके बच्चे कहीं चिंता का कारण तो नहीं



उषा जैन 'शीरीं'

आज एकल परिवारों में कई जगह बच्चे अपने माता-पिता की अकेली संतान होता है या दो संतान होती हैं। इतने छोटे परिवार में बच्चे कुछ भी अच्छी बातें नहीं सीख पाते । उनमें टीम फीलिंग नहीं आ पाती। वे बेहद खुदगर्ज हो जाते हैं। इसके अलावा उचित मार्गदर्शन के अभाव में वे गलत सोहबत में भी पड़ सकते हैं। बड़ी उम्र के लड़के उन्हें इस्तेमाल कर सकते हैं। एक बार उनके चंगुल में आ जाने पर वे पतन की ओर राह पर बढ़ते चले जाते हैं।

बात-बात पर झूठ बोलना, चोरी करना, पिता के नाम पर इधर-उधर से झूठ बोलकर पैसे उधार लेना या मां के जेवर व घर का सामान तक चुरा लेना जैसे गलत कार्य करने में उन्हें जरा भी झिझक नहीं होती।

बच्चा तो कच्ची मिट्टी की तरह होता है। इसे मां खासकर जो स्वरूप देती है, वह उसी शक्ल में ढल जाता है। मां की लापरवाही ही उसे गलत राह पर ले जाती है। एक समझदार मां-जो बच्चे को भरपूर वक्त, स्नेह दुलार देती है, उसमें अच्छे संस्कारों के बीज़ रोपती है, के बच्चों के बिगड़ने के चांस कम ही होते हैं।

अनुशासन की महत्ता समझाते हुए उसे बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार अपनाना चाहिए जिससे उसमें और बच्चों में दूरी न रहे। बच्चे के दिल में मां-बाप को लेकर खौफ नहीं होना चाहिए। उसे इतना विश्वास होना चाहिए कि उसकी भूल माफ कर दी जाएगी। खौफ सिर्फ नफरत उपजाता है जबकि आपस की अंडरस्टेंडिंग प्यार और विश्वास पैदा करती है।

आज के मां-बाप अपनी महत्वाकांक्षाएं बच्चों पर इतने बड़े पैमाने पर थोप रहे हैं कि बच्चे बचपन से ही तनावग्रस्त रहने लगे हैं। बच्चे का मन समझने की आज किसे फुर्सत है। बाहरी बातों पर आज ज्यादा ध्यान दिया जाता है। मां-बाप जब स्वयं ही पूर्णतः भौतिकवादी, जीवन को केवल गुणा, भाग, जोड़तोड़ समझने वाले हों तो वे बच्चों को क्या शिक्षा देंगे?

अब मोहल्लेबाजी, आसपड़ोस में मेलमिलाप भी खत्म हो गया है। रिश्ते केवल नाम के रह गए हैं। रिश्ते, जो कभी सुरक्षा कवच हुआ करते थे, ताऊ ताई, चाचा चाची, बुआ आदि का लाड़ प्यार जो मां के प्यार से अलग खुशबू लिए होता था, बच्चे के जीवन में नदारद हैं।

मां की पजेसिवनेस कभी-कभी बच्चे के व्यक्तित्व के स्वस्थ विकास में बाधक भी हो सकती है, यह कम माएं ही समझ पाती हैं। बाद में बच्चा विद्रोही बन जाता है, तब मां के पास सिवा आंसू बहाने के कुछ नहीं बचता।

दादा दादी न होने पर उन्हें गोद लेने का विचार बुरा नहीं है। जरूरी नहीं उन्हें घर पर रखा जाए जिसे शायद वे स्वयं भी पसंद न करें लेकिन वे जहां भी हों, पत्र , फोन या संभव हो तो स्वयं जाकर बच्चों को मिलवाएं। बच्चों को आउटिंग पर ले जाए। सामर्थ्य अनुसार तोहफे दें। उनसे संवाद बनाये रखें, उनकी प्रॉब्लम धैर्यपूर्वक सुनें और उनका निदान करने की कोशिश करें। (उर्वशी)

# गर त्वचा खुष्क हो तो बनाए नर्म

नीतू गुप्ता

खुश्क त्वचा बहुत से लोगों की परेशानी का सबब होती है क्योंकि इससे त्वचा कांतिहीन लगती है। विशेषकर सर्दियों में यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है। इसके लिए परेशान न होकर त्वचा पर विशेष ध्यान देकर खुश्क त्वचा की परेशानी से छुटकारा पाकर उसे नर्म चमकदार बनाया जा सकता है। कुछ घरेलू फेस मास्क लगाकर आप इस समस्या को कम कर सके हैं। केला एक ऐसा फल है जिससे त्वचा को नमी मिलती है। आइए जानें केले को विभिन्न चीजों में मिजाकर खुश्क त्वचा के लिए अचछे पैक बनाएं जा सकते हैं।

### दूध और केले का मास्क:-

केले को अच्छे से मैश कर उसमें बराबर मात्रा में दूध मिलाकर फेंट कर त्वचा पर लगाएं। लगाने के कुछ समय बाद चेहरा अच्छे से धो लें। त्वचा कोमल दिखेगी। नियमित रूप से सप्ताह में एक दो बार इसका प्रयोग करें। चेहरे के साथ-साथ गर्दन पर भी इस पैक को लगाएं।



### सिर्फ केला फेस मास्क:-

पके केले को अच्छे से मैश कर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को चेहरे-गर्दन पर लगाए और 15-20 मिनट बाद धो लें चेहरे की त्वचा ग्लो करने लगेगी। यह फेस मास्क बनाना बहुत आसान है।

### केला और ओट्स का फेस मास्क:-

अगर खुश्क त्वचा के साथ चेहरे पर ब्लैकहेड्स हों तो आधे केले में आधा छोटा कप ओट्स मिक्स करें इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लागएं। 10 मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़ कर चेहरा-गर्दन धो लें। चेहरा तो नर्म मुलायम होगा ही चेहरे के ब्लैक हैड्स भी निकल जाएंगे।

### केले और शहद का मास्क:-

केला और शहद दोनों ही खुश्क त्वचा के लिए बहुत ही लाभप्रद है। अधिक खुश्क त्वचा वालों को केले और शहद के फेस मास्क का प्रयोग करना चाहिए काफी लाभ मिलेगा। दोनों ही त्वचा अच्छे माश्चराइजर हैं। ण्क चम्मच शहद में आधा मैशड केला डालें और अच्छे से मिक्स कर चेहरे और गर्दन पर 10 से 15 मिनट तक लगाएं और चेहरा धो लें । त्वचा साफ्ट साफ्ट लगेगी।

### केले के साथ आयल:-

मैशड केले में थोड़ी सी बूंदें आलिव आयल या बादाम के तेल की मिलाएं। वेस्ट तैयार कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। त्वचा नर्म लगेगी। (उर्वशी)

# पति-पत्नी रिश्ता: कड़वाहट न घोलें

चन्द्र प्रकाश अम्बष्ट

विवाह एक ऐसा संस्कार है जो दो दिलों के मिलन से ले कर अनेक नए रिश्ते कायम करता है। सबसे महत्त्वपूर्ण जो रिश्ता बनता है, वह पति-पत्नी का है। यह रिश्ता इतना महत्त्वपूर्ण होता है कि दोनों अग्नि को साक्षी मानकर जीवन भर साथ निभाने का वादा करते हैं परंतु थोड़ी सी कड़वाहट किसी भी रिश्ते को मलियामेट कर सकती है। पति-पत्नी का भी रिश्ता भी इससे अछूता नहीं रह पाया है। पति-पत्नी से संबंधित अनेक विवाद अभी भी न्यायालयों में पड़े हैं।

अब प्रश्न यह उठता है कि इस पवित्र बंधन में दरार क्यों आ जाती है, कहां से आ जाती है? जब हम इस पर गौर करते हैं तो हमें अनेक कारण मिल जाते हैं।

आज के युग में जब चारों ओर आधुनिकता का बोला-बाला है, अनेक ऐसे परिवार अब भी हैं जहां पर ब्याह करते समय अपने बच्चों की इच्छा नहीं पूछी जाती। अपनी पसंद एवं तिलक ज्यादा मिलने के लालच में ऐसी लड़की से शादी करवा दी जाती है जो अनुपयुक्त होती है। परिणाम-विवाद, तलाक।

दूसरा सबसे बड़ा कारण है, लड़कियां जिस घर की बहू बनकर आती हैं कुछ दिन तो वे साधारण रूप से रह लेती हैं परन्तु बाद में वे सास-ससुर, ननद, देवर से छोटी-छोटी बातों में उलझ जाती हैं। इनसे उनका पति चिढ़ उठता है और यह विवाद उनके रिश्ते में कड़वाहट घोल देता है।

आजकल एक और बड़ा कारण देखने में आ रहा है, वह है लड़कियों में आधुनिकता के नाम पर अंधी दौड़ । वे भी नौकरी करना चाहती हैं, स्वच्छंद विचरण करना चाहती हैं परंतु यहां यह ध्यान देने योग्य बात यह है कि हमारे भारतीय



परिवेश में अभी भी पश्चिमी संस्कृति की पूर्ण छाप नहीं पड़ी है। अभी हमारी मां-बहनें अपनी बहू को पूर्ण स्वच्छंद छोड़ना पसंद नहीं करती। फिर बहू को अपने घर का भी ख्याल रखना होता है। फलतः ऐसी लड़कियां अपनी ससुराल की मर्यादाओं का उल्लंघन कर खुद बखुद अपने रिश्तों में विष घोल देती हैं।

भारतीय समाज मूलतः पिता प्रधान देश रहा है। पुत्र यहां की एक प्रधान आवश्यकता है। अनेक कारणों से यदि पुत्र की प्राप्ति नहीं होती तो कुछ ही दिनों में बात बिगड़ने लगती है और बात बढ़ते-बढ़ते तलाक पर आकर ही समाप्त होती है।

अनेक घर-परिवारों को यौन-शिक्षा के अभाव में भी बरबाद होते देखा गया है। अनेक प्रकार की गलतफहमियां भी आपसी रिश्ते में दरार पैदा कर देती हैं।

प्रेम विवाह भी अनेक बार असफल होते देखे गये हैं। इसका मूल कारण है प्रेम जाल में फंसकर लड़कियां यह नहीं समझ पाती कि वह जिस से प्रेम कर रही है वह आगे जाकर धोखा भी दे सकता है। फिर वे यह भी नहीं देखती कि वह लड़का स्वावलम्बी है या नहीं। इससे भी रिश्ता बिगड़ने का डर बना रहता है।

इन सब मूल कारणों की जांच करने के बाद हम यदि निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें तो हमारे रिश्ते मजबूत व खुशहाल रह सकते हैं-

* सास-ससुर, ननद-देवर, एवं परिवार के अन्य सदस्यों से व्यर्थ की तकरार न करें। उन्हें मां-पिता की तरह आदर एवं भाई-बहन का प्यार दें।
* लड़के-लड़की की शादी करते वक्त उनके रूप, गुण एवं शिक्षा की दोनों को पूर्ण जानकारी दें। यदि वे एक-दूसरे से बात करना चाहें तो आप बाधा न बनें।
* तिलक-दहेज को कभी अपने रिश्तों पर हावी न होने दें। तिलक-दहेज के चक्कर में अनेक घर बरबाद होते देखे गए हैं।
* यदि आप कहीं घूमने जाना चाहती हैं तो सास-ससुर एवं पति की आज्ञा ले लें। वे इन्कार करें तो रूक जायें। अगली बार वे फिर इन्कार नहीं कर सकते।
* पति की बातों की कभी अवहेलना न करें।
* पति के सामान को संवार कर रखें। कपड़े साफ एवं आयरन करके रखें।
* उनके लिए समय पर टिफिन जरूर तैयार कर दें।
* पति-पत्नी दोनों एक-दूसरे की पुरानी गलतियों को भुला दें। कोई भी भ्रांति मन में न पालें। आवश्यकता पड़ने पर स्पष्टीकरण जरूर दें।
* खरीदारी करते समय पति की आमदनी एवं पसंद का जरूर ख्याल रखें।
* अपने मायके की निरर्थक एवं झूठी बढ़ाई कभी न करें।
* मन से मौन भ्रांतियां निकाल दें। यदि आवश्यकता पड़े तो लेडी डाक्टर से मिलें।
* प्रेम विवाह के समय दोनों पक्ष समझदारी से काम लें। गलत चुनाव कभी न करें।
* यदि आप नौकरी करना चाहती हैं तो परिवार के सदस्यों से राय जरूर लें।
* पति भी पत्नी पर ज्यादा दबाव कभी न डालें, न ही उससे एक दासी की तरह व्यवहार करें। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि अब वह युग गया, जब तुलसीदास ने लिखा था।

ढोल गंवार, पशु नारी,
ये सब ताड़न के अधिकारी।

अब वह भी आप की तरह पढ़ी-लिखी हैं और वह अपना अच्छा बुरा खुद सोच सकती हैं।

आप इन तथ्यों को ध्यान में रखकर अपने रिश्ते मधुर बनाए रख सकते हैं। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर — तरह-तरह के अचार






पूनम दिनकर

### बैंगन का अचार

**सामग्री:-** एक किलो लम्बे व मुलायम बैंगन, आधा चम्मच पिसा लहसुन, एक चम्मच पिसा अदरक, 2 बड़े चम्मच पिसी लाल मिर्च, तेल 200 ग्राम, एक कप सिरका, 2 चम्मच नमक तथा आधा कप कटा हुआ गुड़।

**विधि:-** बैंगनों को धोकर छील लें तथा तीन-चार इंच के लंबे-लंबे टुकड़े बना लीजिए। इसमें नमक मिलाकर दो घंटा यूं ही छोड़ दीजिए। अब तेल को गर्म करके उसमें बैंगन के टुकड़ों को डालकर हल्का सुर्ख तल लीजिये। सभी मसाले डालकर फिर से सुखा लीजिए। अब सिरका और गुड़ डालकर तब तक पकाइये जब तक वह लेसदार न हो जाये। अब आंच से उतारकर ठंडा करके मर्तबान में इस चाशनी को डालकर ऊपर से बैंगन के तले हुए टुकड़ों को डाल दीजिए। इस स्वादिष्ट अचार को महीनों खाया जा सकता है।

### कटहल का अचार

**सामग्री:-** राई (काला सरसों) 200 ग्राम, अजवाइन 25 ग्राम, जीरा 25 ग्राम, मेथी 25 ग्राम मिर्च 50 ग्राम, हल्दी 25 ग्राम, धनिया 50 ग्राम, गोलकी 25 ग्राम, तेज पत्ता 2 चम्मच, अमचूर 100ग्राम, सभी का पाउडर तैयार कर लें, हींग 1/2 चम्मच, नमक 100 ग्राम, सरसों तेल 500 ग्राम तथा कटहल कच्चा छिला हुआ एक किलो।

**विधि:-** कटहल को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़े बना लें। अब इसमें नमक, हल्दी एवं अमचूर या आम का गूदा मिलाकर खुले मुंह के बर्तन में डालकर दो दिन तक धूप दिखा दें। अब इन टुकड़ों को एक-एक करके बर्तन से निकालकर धूप में अच्छी तरह सुखा दें ताकि पानी का अंश बिलकुल नहीं रहे। सभी मसालों के साथ कटहल के टुकड़ों को तेल के साथ मिलाकर फिर से एक दिन धूप दिखा दें। इसके बाद इसे मर्तबान में रखकर ऊपर तक तेल डालकर 15 दिनों तक धूप दिखाते रहें। कटहल के उत्तम स्वाद वाले इस अचार को साल भर तक खाते रहिए।

### प्याज का अचार

**सामग्री:-** 1 किलो छोटे-छोटे प्याज, 1 बड़ा कप सिरका, 1/4 किलो गुड़ 2 चम्मच पिसी लाल मिर्च, एक छोटा चम्मच गर्म मसाला तथा नमक स्वाद के अनुसार।

**विधि:-** प्याज को छीलकर धोकर सुखा लीजिए। प्याज पर नमक छिड़क कर एक मर्तबान में या खुले मुंह के बर्तन में डालकर ऊपर से एक कपड़े से ढक कर बांध दीजिए और धूप में रख दीजिए। दो दिन बाद प्याज को निकालकर सूती कपड़े पर रखकर छाया में सुखा लीजिए। सिरका, लालमिर्च, गुड़ तथा गर्म मसाला डालकर प्याज को तेज आंच पर थोड़ी देर पका लीजिये। उतार कर ठंडा करके मर्तबान में डाल दीजिये। एक दिन बीच में दो बार इसे और पकाइये। एक सप्ताह बाद प्याज का मीठा अचार खाने के लिए तैयार है।

### हरी मिर्च का अचार

**सामग्री:-** 400 ग्राम हरी मिर्च, 12 नींबूओं का रस, तीन चम्मच पिसी राई, एक छोटा चम्मच हींग, 1 छोटा चम्मच मेथीदाना, पिसी हल्दी 2 चम्मच, 200 ग्राम तेल तथा नमक स्वाद के अनुसार।

**विधि:-** मिर्च को अच्छी तरह धोकर आधा-आधा बीचों-बीच से चीर लीजिए। अब मिर्च को मसाला और तेल में मिला दीजिए। तेल को हींग तथा हल्दी के साथ मिलाकर हल्का गर्म करके ही मिर्च में मिलाइए। अब ऊपर से नींबू का रस डालकर एक मर्तबान में डालकर धूप में रख दीजिए। दो दिन बाद से ही अचार खाने योग्य हो जाता है।

बनाये गये अचारों को समय-समय पर धूप में रखते रहना चाहिए। अचार को मर्तबान से निकालने से पहले हाथों को अच्छी तरह पोंछ लें ताकि उसमें पानी का अंश न जाने पाये। हमेशा निकालने के लिए स्टील या प्लास्टिक के चम्मच का ही प्रयोग करें। लकड़ी के चम्मच का उपयोग अच्छा रहता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर: पुंछ में एलओसी के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का 'कुली' घायल

**मेंढर/जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक 'कुली (पोर्टर)' घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्लोत्री-पाटिया गांव का निवासी जुल्फकार अहमद (24) दोपहर करीब 2.10 बजे मनकोट सेक्टर के अग्रिम इलाके में अनजाने में एक बारूदी सुरंग की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घुसपैठ रोधी अवरोधक प्रणाली के तहत अग्रिम इलाकों में बारूदी सुरंगें हैं, जो कभी-कभी बारिश से बह जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल 'कुली' को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

### सोनिया गांधी ने 1980 की मतदाता सूची में नाम शामिल करने से जुड़ी याचिका का विरोध किया

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में दावा किया कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने का आरोप लगाने वाली शिकायत राजनीतिक मकसद से और किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी। यह जवाब विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने पेश किया गया, जो 11 सितंबर, 2025 के मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें आरोप की जांच करने से इनकार कर दिया गया था। जवाब दाखिल किए जाने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की।

### 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स वैश्विक सूची में शीर्ष पर, पाकिस्तान में नंबर एक पर

**नयी दिल्ली:** फिल्म निर्माता आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' ने नेटफ्लिक्स की वैश्विक शीर्ष 10 गैर-अंग्रेजी फिल्मों की सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया है। भारत और अन्य बाजारों में फिल्म को जबरदस्त दर्शक मिले हैं। इनमें पाकिस्तान भी शामिल है, जहां से फिल्म की अधिकांश कहानी संबंधित है। नेटफ्लिक्स के टुडम साप्ताहिक सूची के अनुसार, 26 जनवरी से एक फरवरी तक 'धुरंधर' को 76 लाख लोगों ने देखा। जिसके बाद फिल्म ने गैर-अंग्रेजी फिल्मों में वैश्विक चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### अदालत ने 'ओ रोमियो' के रिलीज पर रोक लगाने से किया इनकार

**मुंबई:** मुंबई की एक अदालत ने शनिवार को फिल्म 'ओ' रोमियो' की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करते हुए मृत गैंगस्टर हुसैन उस्तरा की बेटी सनोबर शेख को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। हुसैन उस्तरा के नाम से कुख्यात हुसैन शेख की बेटी सनोबर शेख ने फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला, इसके निर्देशक विशाल भारद्वाज और लेखक हुसैन जैदी के खिलाफ यहां एक दीवानी अदालत में मुकदमा दायर कर रखा है। उसने दावा किया है कि यह फिल्म उसके पिता के जीवन पर आधारित है और इसके निर्माताओं ने उससे कोई सहमति नहीं ली थी। यह फिल्म 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। अदालत ने कहा कि सनोबर शेख प्रथम दृष्टया फिल्म के निर्माताओं और निर्देशकों के खिलाफ फिल्म पर रोक के लिए मामला साबित करने में विफल रही हैं।

### महाराष्ट्र में पानी से भरे गड्ढे में छह साल की बच्ची का शव मिला

**ठाणे:** महाराष्ट्र में ठाणे के दिवा इलाके में पानी से भरे एक गड्ढे में छह साल की बच्ची का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि खान कंपाउंड के पीछे शिल फाटा इलाके में शव को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा, ''दमकलकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और गड्ढे से शव को बाहर निकाला।' पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दाइघर थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है और लड़की की मृत्यु के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# विभाजन इसलिए हुआ, क्योंकि 'हिंदू भाव' को भुला दिया गया : मोहन भागवत

**मुंबई:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि भारत का विभाजन इसलिए हुआ, क्योंकि हिंदू भाव को भुला दिया गया था। मुंबई में 'संघ की 100 साल की यात्रा : नये क्षितिज' कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को संवाद के बिना नहीं समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आवश्यक है, लेकिन वैश्विक निर्भरता भी जरूरी है और ऐसी निर्भरता टैरिफ (शुल्क) से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। भागवत ने कहा, धर्म के कारण विभाजन हुआ। हमने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। कुछ लोग कहते हैं कि यह गलत था। भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म आज भी मौजूद हैं। झड़पें होती हैं, लेकिन देश एकजुट रहा है... 'हिंदू भाव का विस्मरण' भारत के विभाजन का कारण बना। संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू होने का मतलब यह नहीं है कि किसी व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करना बंद कर देना चाहिए।



उन्होंने कहा, हिंदुत्व को अपनाकर आप कुछ भी नहीं गंवाते, न तो अपनी धार्मिक प्रथा और न ही अपनी भाषा। हिंदुत्व आपकी सुरक्षा की गारंटी है। भागवत ने कहा कि किसी व्यक्ति का धर्म, खान-पान की आदतें और भाषा अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन हम सभी समाज, संस्कृति और राष्ट्र के रूप में एक हैं। उन्होंने कहा, हम इसे 'हिंदुत्व' कहते हैं और आप इसे 'भारतीयता' कह सकते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता एक गलत वाक्यांश है, क्योंकि आप दो (अलग-अलग) लोगों को एकजुट कर रहे हैं, न कि उन्हें जो पहले से ही एक हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस को समझने के लिए संवाद जरूरी है और संगठन की प्रकृति को धारणा एवं दुष्प्रचार के आधार पर नहीं समझा जा सकता। भागवत ने कहा कि अगर तथ्यात्मक आधार पर संघ का कोई विरोध है, तो हम सुधार करेंगे, लेकिन तथ्यों को जानने के लिए आपको हमारे पास आना होगा।

### आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं, सत्ता की इच्छा नहीं रखता: भागवत

**मुंबई:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के 'खिलाफ' नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया। उन्होंने कहा, हालांकि फिर भी यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस 'किसी के खिलाफ नहीं है' और किसी घटना की प्रतिक्रिया के रूप में काम नहीं करता है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है।

# भाजपा के नेतृत्व वाला राजग 2026 में केरल में सरकार बनाएगा : नितिन नवीन



**त्रिशूर (केरल):** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को कहा कि पार्टी इस साल विधानसभा चुनाव के बाद केरल में सत्ता में आएगी, क्योंकि उसे राज्य के लोगों का भरोसा है। राज्य के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवीन ने कहा कि केंद्र सरकार ने केरल के लिए बहुत कुछ किया है, जिसमें उसे दिए गए ऋण में 23 प्रतिशत की वृद्धि और राज्य को प्रदान किये जाने वाले सहायता अनुदान को दोगुना करना शामिल है। भाजपा अध्यक्ष ने यहां 'केंद्रीय बजट 2026 और विकसित केरल पर बौद्धिक बैठक' में कहा, केंद्र सरकार ने कभी राज्य के प्रति कंजूसी वाला रवैया नहीं दिखाया है और ये आंकड़े इसका संकेत हैं। सभा को संबोधित करते हुए, नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, विकसित भारत बजट 2026 केरल के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप है, जो पर्यटन, दुर्लभ पृथ्वी गलियारे, उच्च मूल्य वाली फसलों और अन्य में बड़े पैमाने पर विकास के अवसरों को खोलता है।

### नितिन नवीन ने त्रिशूर में दीवार पर कमल बना भाजपा के केरल विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की



**त्रिशूर (केरल):** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को दीवार पर कमल का चित्र बनाकर केरल में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की। नवीन केरल के दो दिवसीय दौरे पर हैं, इस दौरान उन्होंने एर्नाकुलम और त्रिशूर जिलों में विभिन्न स्थानों का दौरा किया, भाजपा और राजग नेताओं के साथ बैठकें की और पार्टी कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए त्रिशूर शहर के बूथ 164 में एक दीवार पर कमल का चित्र बनाया।

# जम्मू कश्मीर को जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करना चाहिए : शाह

**जम्मू:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, और केंद्र शासित प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का उपयोग करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यहां लोक भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एक विकसित और समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि करीब दो घंटे की बैठक में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात सहित अन्य शामिल थे। गृह मंत्री ने कहा, 'विकास को गति देने के लिए मोदी सरकार के निरंतर और समर्पित प्रयासों के कारण, जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर को अपनी जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी



क्षमता विकसित करने की जरूरत है।'' शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गुरनाम एवं बोबियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकियों का दौरा करने के साथ क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की। कठुआ से लौटने पर शाह ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें अन्य लोगों के अलावा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी शामिल थे और बैठक का मुख्य उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना था। परियोजनाओं पर बैठक के दौरान, शाह ने सड़क बुनियादी ढांचे, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल-फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करने और यह सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी विकास परियोजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। गृह मंत्री ने युवाओं को विकास से जोड़ने के लिए खेल बुनियादी ढांचे के विकास और खेल अकादमी की स्थापना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इस संबंध में विभिन्न खेल निकायों के साथ मिलकर लगभग 200 करोड़ रुपये के निवेश का प्रयास किया जाएगा।

### आयकर विभाग ने नए आयकर अधिनियम के लिए नियमों का मसौदा जारी किया, जनता से सुझाव मांगे

**नयी दिल्ली:** आयकर विभाग ने शनिवार को नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत नियमों और प्रपत्रों का मसौदा जारी किया, जिसमें प्रावधानों को सरल बनाने एवं अनुपालन के बोझ को कम करने का प्रस्ताव है ताकि इसे समझना आसान हो और यह करदाताओं के अनुकूल हो। नया आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल से प्रभावी होगा, जो छह दशक से अधिक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर विभाग ने हितधारकों से आयकर नियम, 2026 के मसौदे और प्रपत्रों पर 22 फरवरी तक टिप्पणियां मांगी हैं। इसके बाद, नए अधिनियम के तहत नियमों और प्रपत्रों को अधिसूचित किया जाएगा। पुराने आयकर नियम में 511 नियम और 399 प्रपत्र हैं। आयकर विभाग ने हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि नए नियमों और प्रपत्रों में प्रस्तावित परिवर्तनों के परिणामस्वरूप, जिनमें अनावश्यक नियमों को हटाना और जहां संभव हो नियमों का समेकन करना शामिल है, आयकर नियम, 2026 के मसौदे में 333 नियम और 190 प्रपत्र शामिल हैं।

# बेंगलुरु- मुंबई प्रीमियम ट्रेन सेवा जल्द शुरू होगी : अश्विनी वैष्णव



**बेंगलुरु:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि बेंगलुरु से मुंबई के लिए प्रीमियम ट्रेन सेवा जल्द शुरू होगी। वैष्णव ने कहा कि कर्नाटक को इस वर्ष के रेलवे बजट में रिकॉर्ड 7,748 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं, जो कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आवंटित राशि से नौ गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में रेलवे का कुल निवेश 52,950 करोड़ रुपये है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'बड़े पैमाने पर निवेश में रेल पटरियों का विस्तारीकरण, स्टेशन पुनर्विकास, सुरक्षा, घोषणाएं, बेंगलुरु उपनगरीय क्षेत्र और कर्नाटक में कई नई परियोजनाएं शामिल होंगी।' रेलमंत्री ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'बहुत जल्द हम बेंगलुरु से मुंबई के लिए प्रीमियम ट्रेन सेवा शुरू करेंगे। तेजस्वी (सूर्या) जी (बेंगलुरु दक्षिण के सांसद) ने इस संबंध में संपर्क किया था, साथ ही कई अन्य अनुरोध भी प्राप्त हुए हैं। कई खंडों का दोहरीकरण किया जा रहा है, इसलिए बहुत जल्द हमारे पास और भी कई सेवाएं उपलब्ध होंगी।' उन्होंने कहा, ''अभी विद्युतीकरण के लिए परीक्षण और प्रमाणन प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही ये प्रक्रियाएं पूरी हो जाएंगी, हम जल्द ही आपके साथ विवरण साझा करेंगे।' रेल मंत्री ने भूमि अधिग्रहण के संबंध में कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की सहमति हासिल करने का प्रयास जारी रखे हुए है क्योंकि भूमि राज्य का विषय है। उन्होंने कहा, 'हम कई परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार से लगातार संपर्क बनाए रखे हुए हैं। हम सहकारी संघवाद में विश्वास रखते हैं। इसलिए हम राज्य सरकार से भूमि अधिग्रहण का अनुरोध करते रहते हैं। मैं किसी एक मुद्दे या परियोजना का विशेष उल्लेख नहीं करना चाहता। यदि आवश्यक हो, तो मैं विस्तृत जानकारी दे सकता हूं। लेकिन मैं किसी पर दोषारोपण नहीं करना चाहता। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी का एक ही उद्देश्य जनता और अपने राज्यों के हित में काम करना हो।'

### अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, कुछ जहाजों को पकड़ा गया : भारतीय तटरक्षक

**नयी दिल्ली:** भारतीय तटरक्षक बल ने शनिवार को कहा कि उसने मुंबई के तट से करीब 100 समुद्री मील पश्चिम में समुद्र के बीच एक अभियान के तहत एक अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इससे जुड़े कुछ जहाजों को पकड़ा है। इसने कहा कि गिरोह में शामिल जहाजों ने ''संघर्षरत देशों से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल और तेल-आधारित सामान की तस्करी करने और अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मोटर टैंकरों को बीच समुद्र में स्थानांतरित करके मुनाफा कमाने का एक तरीका'' निकाला था। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने एक बयान में कहा कि 'डिजिटल सर्विलांस' और बल की लगातार बढ़ती समुद्री मौजूदगी के साथ शुरू किया गया यह समुद्री अभियान एक बार फिर भारत को ''समुद्री सुरक्षा देने वाले और अंतरराष्ट्रीय नियमों पर आधारित व्यवस्था को लागू करने वाले देश' के तौर पर स्थापित करता है। तटरक्षक ने कहा, 'पांच फरवरी को मुंबई से करीब 100 समुद्री मील पश्चिम में आईसीजी के जहाजों ने तीन जहाजों को रोका और लगातार तलाशी, संदिग्ध जहाजों की इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों के सत्यापन और चालक दल से पूछताछ के ज़रिए भारतीय तटरक्षक की विशेष बोर्डिंग टीम ने घटनाओं की कड़ियों और अपराधियों के काम करने के तरीके का पता लगाया।'

### सभी 'मियां-मुस्लिम' अज्ञात लोग नहीं हैं : मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि सभी 'मियां-मुस्लिम' अज्ञात लोग नहीं हैं, क्योंकि जो लोग 1951 से पहले आए थे, वे मूल निवासी हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसमें कोई 'सांप्रदायिक या धार्मिक'' पहलू नहीं है। अगले कुछ महीनों में होने वाले असम विधानसभा चुनावों से पहले शर्मा अक्सर 'मियां' मुसलमानों के खिलाफ तीखे हमले कर रहे हैं। शर्मा ने यहां एक सरकारी कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, 'सभी मियां-मुस्लिम अज्ञात लोग नहीं हैं। इनमें से कुछ 1951 से पहले आए थे और वे मूल निवासी हैं। एएएसयू और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिप्लब शर्मा समिति ने भी इसे स्वीकार किया है।' शर्मा ने कहा कि 'मियां' का विरोध सांप्रदायिक मुद्दा नहीं है और इसका धर्म से कोई संबंध नहीं है।

### अजित पवार की मौत पर संदेह बरकरार, 10 फरवरी को विस्तृत विवरण पेश करूंगा : रोहित पवार



**पुणे:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नेता रोहित पवार ने शनिवार को कहा कि हवाई दुर्घटना में अजित पवार की मौत की परिस्थितियों के बारे में सभी को संदेह है और वह 10 फरवरी को इस बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति देंगे। बारामती में जिला परिषद चुनाव में अपना वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि अजित पवार चाहते थे कि राकांपा के दोनों गुट एकजुट हो जाएं और विलय की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। महाराष्ट्र में 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के लिए चुनाव शनिवार को हुए। यह मतदान मूल रूप से पांच फरवरी को होना था, लेकिन 28 जनवरी को उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु और इसके बाद तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। दिवंगत राकांपा प्रमुख के भतीजे रोहित पवार ने कहा, 'हर किसी के मन में (दुर्घटना के बारे में) सवाल और संदेह हैं। मैं 10 फरवरी को मुंबई में एक प्रस्तुति दूंगा। दुर्घटना क्यों हुई और यह कैसे हुई होगी, ये मुद्दे 10 फरवरी को उठाए जाएंगे।'

# सेना प्रमुख ने पुंछ सेक्टर में अग्रिम इलाकों का दौरा किया; तैयारियों की समीक्षा की



**जम्मू:** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और तैनाती की स्थिति, निगरानी उपायों और तैनात इकाइयों की तत्परता का आकलन किया। सेना प्रमुख ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा में भाग लिया और क्षेत्र में अभियानगत तैयारियों का आकलन करने के लिए जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर के मुख्यालय का भी दौरा किया। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने 'एक्स' पर लिखा, ''सेना प्रमुख ने अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए पुंछ सेक्टर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। उन्होंने तैनाती की स्थिति, निगरानी उपायों और सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया और समग्र तैयारी की समीक्षा की।'' यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने जवानों के साथ बातचीत की और उनके अटूट समर्पण और तैयारियों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि सेना प्रमुख ने सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों ने जमीनी हालात के बारे में उन्हें जानकारी दी। जनरल द्विवेदी ने सेना के फील्ड कमांडर और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की और पुंछ में आतंकवाद रोधी अभियानों के मद्देनजर नियंत्रण रेखा के साथ-साथ भीतरी इलाकों में भी सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया।

# मलेशिया में पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय नृत्य से एनएससीबीआईसीसी ने रचा इतिहास

## इस उपलब्धि को मलेशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने प्रमाणित किया



**कुआलालंपुर (मलेशिया)/ नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय मलेशिया दौरे के दौरान शनिवार को भारतीय संस्कृति की भव्य झलक देखने को मिली। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडियन कल्चरल सेंटर (एनएससीबीआईसीसी) ने समुदायिक कार्यक्रम में पारंपरिक भारतीय नृत्य की ऐतिहासिक प्रस्तुति देकर नया रिकॉर्ड कायम किया। इस आयोजन में पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। इंडियन कम्युनिटी कल्चरल कमेटी के बैनर तले करीब 800 नर्तकों ने एक साथ *पांच मिनट * की निरंतर कोरियोग्राफ्ड प्रस्तुति दी, जिसमें भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों की विविध विधाएं शामिल थीं। यह रिकॉर्ड प्रयास माइंस इंटरनेशनल एग्ज़ीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष की उपस्थिति में हुआ। इस उपलब्धि को मलेशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने प्रमाणित किया। मलेशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ क्रिस्टोफर वोंग ने कहा, 800 नर्तकों का एक साथ भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करना आसान नहीं है। इसमें बेहतरीन समन्वय और टीमवर्क की जरूरत होती है। हम इस उपलब्धि को प्रमाणित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा, हमने अभी एक रिकॉर्ड बनाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी है। 800 से अधिक नर्तक अद्भुत तालमेल में। यह प्रदर्शन वर्षों तक याद रखा जाएगा। सोशल मीडिया मंच पर उन्होंने इसे मलेशिया में भारतीय संस्कृति का भव्य उत्सव बताया। एनएससीबीआईसीसी की निदेशक विजयलक्ष्मी सुंदरराजन ने कहा, यह सभी नर्तकों के लिए बड़ा सम्मान है। उन्होंने पिछले दो महीनों तक अभ्यास किया। इस सम्मान को पाकर हमें गर्व है। कई कलाकारों ने पीएम मोदी के सामने प्रस्तुति देने को गर्व का क्षण बताया। केरल की कथकली प्रस्तुत करने वाले एक कलाकार ने कहा, मोदी जी के सामने नृत्य कर बहुत खुशी हुई। वहीं यक्षगान का प्रतिनिधित्व करने वाली स्निग्धा ने कहा, मलेशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होना हमारे लिए बड़ी बात है।


### बिहार की बेटी श्रिया सुगंधा सिंह भी बनीं ऐतिहासिक पल की साक्षी




इस ऐतिहासिक प्रस्तुति में बिहार की बेटी श्रिया सुगंधा सिंह, जो वर्तमान में मलेशिया में निवास करती हैं, ने भी हिस्सा लिया। श्रिया ने पारंपरिक भारतीय नृत्य के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर प्रस्तुत किया और देश का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के बाद श्रिया सुगंधा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी के सामने नृत्य प्रस्तुति देना उनके जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के सामने प्रस्तुति देना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। इस पल को मैं जीवन भर नहीं भूल सकती। इसमें श्रिया सुगंधा सिंह के साथ-साथ सुनीता तिवारी, मेघा जायसवाल, स्नेहा जायसवाल और शिवांगी ने भी सहभागिता निभाकर राज्य का नाम रोशन किया।

### छत्तीसगढ़: बस्तर मंडल में कुल 1.61 करोड़ रुपये के इनामी 51 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर/सुकमा (भाषा):** छत्तीसगढ़ में बस्तर मंडल के दो जिलों में शनिवार को कुल 1.61 करोड़ रुपये के इनामी 51 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नक्सलवाद को खत्म करने की 31 मार्च, 2026 की समय सीमा नजदीक आने के साथ छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक आत्मसमर्पण करने वालों की संख्या लगभग 300 हो गई है। यह आत्मसमर्पण ऐसे समय हुआ जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम 2026' उत्सव का उद्घाटन किया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 34 महिलाएं शामिल हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि बस्तर पुलिस की 'पूना मारगेम पुनर्वास पहल' के




तहत बीजापुर जिले में 20 महिलाओं समेत 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है जबकि पड़ोसी सुकमा जिले में 14 महिलाओं समेत 21 अन्य नक्सली मुख्यधारा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। सुंदरराज ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 30 नक्सलियों में से बोटी पोडियम उर्फ मल्ला (23), सुखराम मदकम (24), और रीना पुणेम (25) शामिल हैं जिनपर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था।

## भारत का विजयी आगाज

# अमेरिका को 29 रन से हराया






### सूर्यकुमार के बाद सिराज चमके

**मुंबई :** गत चैंपियन भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका को 29 रन से शिकस्त देकर अभियान की विजयी शुरुआत की। कप्तान सूर्यकुमार यादव की दबाव में खेली गई नाबाद 84 रन की बेहतरीन पारी और मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी (29 रन देकर तीन विकेट) भारत की जीत के मुख्य आधार रहे। यह मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और शीर्ष व मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया। एक समय 13 ओवर में भारत का स्कोर छह विकेट पर मात्र 77 रन था और पारी जल्दी सिमटने का खतरा दिख रहा था। ऐसे कठिन हालात में सूर्यकुमार यादव ने जिम्मेदारी संभाली और 49 गेंदों पर 10 चौकों व चार छक्कों की मदद से नाबाद 84 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा तिलक वर्मा (25) और ईशान किशन (20) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। भारतीय टीम नौ विकेट पर 161 रन बनाने में सफल रही। अमेरिका की ओर से शैडली वान शाल्कविक ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिकी टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। संजय कृष्णमूर्ति और शुभम रंजने ने 37-37 रन जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से नई गेंद से अर्शदीप सिंह (18 रन देकर दो विकेट) और सिराज ने शानदार शुरुआत दिलाई। सिराज ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने के साथ अंतिम गेंद पर रंजने को आउट कर जीत पर मुहर लगाई। अक्षर पटेल ने भी दो विकेट चटकाए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप ए में मजबूत शुरुआत की है। भारतीय टीम अब अपना दूसरा मुकाबला 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ खेलेगी।






वानखेड़े स्टेडियम में सितारों से सजी भव्य शाम, भारत-अमेरिका मुकाबले से पहले शानदार उद्घाटन समारोह आकर्षण का केंद्र बना

## हेटमायर की आक्रामक पारी के बाद शेफर्ड की हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को हराया

**कोलकाता :** शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक सहित पांच विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप-सी मुकाबले में शनिवार को स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत धीमी रही। पावरप्ले में टीम बिना विकेट गंवाए सिर्फ 33 रन ही बना सकी। स्कॉटलैंड के स्पिनरों ने शुरुआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की और 10 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 66 रन रहा। ऐसे में बाएं हाथ के बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर ने पारी को संभाला और फिर आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने महज 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए 36 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली। हेटमायर को रोवमैन पॉवेल (14 गेंदों पर 24 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने 37 गेंदों में 81 रन की तेज सा-



झेदारी कर स्कोर को मजबूती दी। वेस्टइंडीज ने 11 से 15 ओवर के बीच 72 रन जोड़े और पांच विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैड करी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड की टीम कप्तान रिची बेरिंग्टन (42) और टॉम ब्रूस (35) की साझेदारी के बावजूद दबाव नहीं झेल सकी। चौथे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी टूटते ही विकेटों का पतझड़ शुरू हो गया। रोमारियो शेफर्ड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट झटके। इस दौरान उन्होंने पांच गेंदों में चार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक रही। जेसन होल्डर ने अपने 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे किए, जबकि हेटमायर ने क्षेत्ररक्षण में भी कमाल दिखाया। अंततः स्कॉटलैंड की टीम 18.5 ओवर में 147 रन पर सिमट गई और वेस्टइंडीज ने 35 रन से जीत दर्ज की।

### खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका का सामना पहले मैच में आयरलैंड से

**कोलंबा :** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3 . 0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है।

### आईसीसी और पीसीबी में शुरू हुई बातचीत, आईसीसी ने 'फोर्स मेज्योर' पर पीसीबी से मांगा स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराने के लिए 'फोर्स मेज्योर (अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति)' प्रावधान कैसे लागू किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी। पीसीबी ने हालांकि आईसीसी से बातचीत शुरू कर दी है जिससे अब उम्मीद की एक किरण नजर आ रही है। आईसीसी के एक निदेशक ने उम्मीद जताई कि 15 फरवरी को होने वाला यह महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, ''बातचीत शुरू हो गई है।'' आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है कि जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा न्यूजीलैंड को

**चेन्नई :** उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे श्रृंखला में 4 . 1 से हराया। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे। दूसरी ओर अफगानिस्तान काफी दमदार टी20 टीम है जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। उसके पास काफी मैच विनर खिलाड़ी है लेकिन सबसे बड़ा स्टार राशिद खान है। दुनिया भर में टी20 लीग खेलने वाले राशिद की गेंदें अब उतनी रहस्यमयी भले ही नहीं रह गई हों लेकिन वह बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं।

### अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का सपना विश्व कप खेलने से भी बड़ा है: राशिद खान

राशिद खान और अफगानिस्तान के उनके साथी खिलाड़ी दुनिया भर में क्रिकेट खेल कर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं लेकिन अपने देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उनका सपना अब भी अधूरा है। युद्ध से प्रभावित अफगानिस्तान में अब तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आयोजित नहीं हो पाया है। हालात इतने खराब रहे कि टीम को अपने घरेलू मैचों के लिए विदेशों के शहरों का चयन करना पड़ता है। इसी कारण भारत में ग्रेटर नोएडा, देहरादून और लखनऊ, जबकि संयुक्त अरब अमीरात में शारजाह और अबूधाबी अलग-अलग समय पर अफगानिस्तान टीम के घरेलू ठिकाने रहे हैं। राशिद हालांकि इस सपने को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच से पहले भावुक अंदाज में कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे लिए, टीम के लिए और हर खिलाड़ी के लिए विश्व कप से भी बड़ा सपना है। हम अगर अफगानिस्तान में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल पाते हैं, तो दुनिया देखेगी कि वहां के लोग कैसे हैं, वे खिलाड़ियों का कैसे स्वागत करते हैं और क्रिकेट का कितना लुत्फ उठाते हैं। अपने देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना किसी सपने से बढ़कर है।

### भारत की अंडर-17 टीम ने बांग्लादेश को 4-0 से हराकर सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप का खिताब जीता



**पोखरा (नेपाल) :** भारत की अंडर-17 टीम ने शनिवार को यहां खेले गए दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान जुलान नोंगमैथेम ने 42वें मिनट में पहला गोल किया, जिसके बाद एलिजाबेथ लकरा (63वें मिनट), पर्ल फर्नांडीस (68वें मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरामन (83वें मिनट) के गोल से टीम ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ राउंड-रॉबिन में मिली 0-2 की हार का बदला पूरा किया। भारत ने इस साल के अंत में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तहत अपनी अंडर-17 महिलाटीम कोसैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भेजा था।

### इंग्लैंड का सामना नेपाल से , ब्रूक को उम्मीद कि अब फोकस मैदानी प्रदर्शन पर रहेगा

**मुंबई :** दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा ,मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है।

## फहीम अशरफ की विस्फोटक पारी से पाकिस्तान ने नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया

**कोलंबा :** निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ की तूफानी पारी की बदौलत पाकिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड को तीन विकेट से हराकर विजयी आगाज किया। अशरफ ने मात्र 11 गेंदों में 29 रन बनाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और जीत दिलाई। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी रही और 10 ओवर में टीम दो विकेट पर 90 रन तक पहुंच गई। हालांकि इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते गए और एक समय 16.1 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 114 रन हो गया। अंतिम चार ओवरों में 34 रन की जरूरत थी, जिसमें आखिरी दो ओवरों में 29 रन बनाने थे। ऐसे दबाव भरे क्षण




में अशरफ ने लोगान वान बीक के एक ओवर में तीन छक्के और एक चौका जड़कर मैच का रुख पलट दिया और अंतिम ओवर में चौका लगाकर तीन गेंद शेष रहते जीत दिला दी। उल्लेखनीय है कि अशरफ का कैच 19वें ओवर में छूट गया, जिसकी नीदरलैंड को भारी कीमत चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान ने 47 रन बनाए जबकि सईम अयूब ने 24 रन का योगदान दिया। नीदरलैंड के लिए पॉल वान मीकेरेन ने अहम विकेट झटके। इससे पहले नीदरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट एडवडर्स (37) और बास डी लीडे (30) ने उपयोगी पारियां खेलीं। पाकिस्तान की ओर से सलमान मिर्जा ने तीन विकेट लिए, जबकि मोहम्मद नवाज और अबरार अहमद ने दो-दो विकेट चटकाए।

# व्यापार



## इलेक्ट्रॉनिक्स, आईपी के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा भारत: अश्विनी वैष्णव

**बेंगलुरु :** अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है। बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर




विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है। मंत्री ने कहा, हम इलेक्ट्रॉनिक्स और आईपी के मोर्चे पर अपनी ओर से बहुत करीब से जुड़े हुए हैं। हम सह-विकास और सह-निर्माण में विश्वास करते हैं। हम आईपी का सम्मान करने में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि नए उत्पादों, नए विचारों और नयी प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत के पास पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और यह यात्रा बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है।

### भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता एमएसएमई को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद करेगा: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता ढांचा भारतीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद करेगा और इससे व्यवसायों तथा उपभोक्ताओं के लिए लागत कम होगी। इस ढांचे के तहत दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौता भारत के तेजी से बढ़ते वृद्धि इंजन को नयी ताकत देगा: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता भारत के तेजी से बढ़ते विकास के इंजन को नयी ताकत प्रदान करेगा। अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के संकल्प को हकीकत में बदलते हुए, यह समझौता 'मेक इन इंडिया', मेहनती किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप क्षेत्र के नए प्रयोगकर्ताओं और मछुआरों के लिए बड़ी तरक्की के द्वार खोलता है। साथ ही, यह युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक समझौते के लिए मोदी जी का हार्दिक आभार और भारत के प्रत्येक नागरिक को बधाई।

## 800 - 1,600 सीसी की अमेरिकी बाइक पर शून्य शुल्क, हार्ले-डेविडसन को होगा फायदा: अधिकारी

**नयी दिल्ली :** भारत अंतरिम व्यापार समझौते के तहत 800-1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली अमेरिकी मोटरसाइकिलों के लिए शून्य-शुल्क पहुंच देगा। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि इस कदम से प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। पिछले साल सरकार ने पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी तक की इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया था। दूसरी ओर 1,600 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों के लिए शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया था। भारत और अमेरिका ने शनिवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते पर संयुक्त बयान जारी किया। इस पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि शुल्क समाप्ति समझौते के लागू होने



के दिन से प्रभावी होगी। भारत 'हाई-एंड प्रीमियम' बाइक के लिए एक छोटा बाजार है और इस खंड में अमेरिका की हिस्सेदारी बहुत कम है। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने अक्टूबर 2020 में भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत हीरो मोटोकॉर्प को देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम मोटरसाइकिलों की एक श्रृंखला विकसित करने और बेचने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा, उसे हार्ले बाइक के लिए सर्विस और पुर्जों की आवश्यकताओं का ध्यान रखने का भी काम सौंपा गया है।

### तीसरी तिमाही में एसबीआई का एकल शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़ रुपये रहा

**मुंबई :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल शुद्ध लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रुपये रहा है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक का शुद्ध लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा। बैंक की एकल शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) साल-ाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 41,446 करोड़ रुपये थी। ऋण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया।

## रिलायंस कंज्यूमर ने ऑस्ट्रेलियाई पेय कंपनी 'बेटर-फॉर-यू' में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। इस सौदे में 'बेटर-फॉर-यू' पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और अपनी विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। एक संयुक्त बयान के अनुसार, इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे 'नेक्सबा' और 'पेस' को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

## अमेरिका से आने वाले सेब पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत, किसान पूरी तरह सुरक्षित: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका को सेब पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत दी है, जबकि घरेलू सेब उत्पादकों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत भारत ने अमेरिका से आने वाले सेब पर 80 रुपये प्रति किलोग्राम का न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) और 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। इसका प्रभावी अर्थ यह है कि अमेरिका से 100 रुपये प्रति



किलोग्राम से कम कीमत वाले सेब का आयात नहीं किया जा सकता। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3497 अंक 307 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in